## एक नजर

### पुलिस कमिश्नर से मिला होनहार, मिठाई खाई

**कानपुर।** सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर कमिश्नरेट कार्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी संजय दुबे के होनहार बेटे विशाल दुबे ने पिछले दिनों जारी सिविल सेवा परीक्षा में 296वीं रैंक प्राप्त की थी। इसके बाद शुक्रवार को विशाल दुबे अपने पिता के साथ पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से कार्यालय में मिले। पुलिस कमिश्नर ने विशाल दुबे तथा उनके पिता मुख्य आरक्षी संजय दुबे का मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी सफलता ने आपके परिवार के साथ ही कमिश्नरेट कानपुर पुलिस एवं उत्तर प्रदेश पुलिस को गौरवांवित किया है, हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### मंदिर की भूमि पर लगे वृक्ष को जलाया

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र की चौकी उस्मानपुर अंतर्गत मंदिर की भूमि पर वृक्ष लगे हुए थे। जिसमें संदिग्ध हालात में आग लग गई। पुलिस की जांच में पता चला कि किसी शरारती तत्व ने वृक्ष को आग लगा दी थी। लोगों की शिकायत पर पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है।

# 120 मरीजों को पहली बार पता चला कि उन्हें हाई बीपी है

## इन मरीजों ने कभी हाईपरटेंशन के लक्षणों पर ध्यान नहीं दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उच्च रक्तचाप (हाईपरटेंशन) ऐसी बीमारी है, जो शरीर में धीमे-धीमे हावी होती है। जिसके लक्षण करीब 10 सालों के बाद लोगों में नजर आते हैं। बीमारी गंभीर होने पर शरीर के अन्य अंगों को भी नुकसान पहुंच सकता है। यह जानकारी मेडिसिन विभाग के प्रो. एसके गौतम ने दी।

विश्व रक्तचाप दिवस पर शुक्रवार को हैलट अस्पताल की ओपीडी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में डॉक्टरों ने मरीज और उनके साथ आए तीमारदारों की भी जांच की और सलाह दी।

मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के प्रो. एसके गौतम ने बताया कि शिविर में 750 लोगों की जांच की गई, जिनमे से 120 मरीज उच्च रक्तचाप से ग्रस्त मिले। इनकी उम्र 30 से 60 वर्ष के बीच थी। हैरानी की बात ये है कि उनको आज तक पता ही नहीं था कि उनको यह बीमारी है। कभी-कभी घबराहट, सीने में दर्द, सिर दर्द, किसी बात पर धड़कन का तेज होना या चक्कर आने की समस्या को आम बीमारी समझकर नजरअंदाज किया। उच्च रक्तचाप के मरीजों की आंखों की जांच नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में विभागाध्यक्ष डॉ.शालिनी मोहन ने टीम के साथ की। इस दौरान सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.जीडी यादव, मेडिसिन विभाग के प्रो.सौरभ अग्रवाल, आदि रहे।


हैलट ओपीडी में रोगी की आंख चेक करतीं डॉ.शालिनी मोहन। अमृत विचार

- विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## देश में हर चौथे व्यक्ति को हाईपरटेंशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के सभागार में शुक्रवार को विश्व रक्तचाप दिवस पर एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के सहयोग से जागरुकता कार्यक्रम हुआ। कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी ने बताया कि हाईपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर, मुख्यरूप से जीवनशैली की गड़बड़ी के कारण होने वाली समस्या है, जो कई गंभीर रोगों का कारण बनती है। ब्लड प्रेशर बढ़ने से सबसे ज्यादा नुकसान हृदय को होता है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक देश में लगभग हर चौथा व्यक्ति देश में हाईपरटेंशन का मरीज है।

हाईपरटेंशन को हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी जानलेवा समस्याओं में प्रमुख कारण के रूप में भी जाना जाता है। यह बीमारी सबसे ज्यादा आपके दिमाग और दिल पर असर करती है।

मेडिसिन विभाग के प्रो. एसके गौतम ने बताया कि बिगड़ी जीवनशैली और गलत खानपान से लोग ज्यादा बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। खानपान में जंक फूड, फास्ट फूड को दूर कर प्रोटीन व आयरन वाली चीजों को शामिल कर इस बीमारी से बचा जा सकता है। प्रतिदिन सुबह कम से कम 30 से 40 मिनट तक व्यायाम करें। इस दौरान सीएमएस डॉ. नीलेश चंद्र त्रिपाठी, डॉ.जेएस कुशवाहा, डॉ.नीना गुप्ता, डॉ.तनु व डॉ.आरके वर्मा समेत आदि लोग रहे।



मेडिसिन विभाग में कार्यक्रम की शुरुआत करतीं उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरी, प्रो.एसके गौतम, प्रो.जेएस कुशवाहा, प्रो.नीना गुप्ता, सीएमएस डॉ.एनसी त्रिपाठी समेत अन्य

## बेटे-बहू ने पिता को डंडों से मारापीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** सनिगवां में एक वृद्ध रिटायर डाककर्मी ने अपने बेटे और बहू पर आरोप लगाया है कि दोनों ने संपत्ति को लेकर उनसे गाली गलौज की और लाठी डंडे से पीटा। पीड़ित ने चकेरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सनिगवां के गायत्री नगर निवासी 75 वर्षीय भुवनचंद्र पंत रिटायर डाककर्मी हैं। उनके अनुसार उनका बड़ा बेटा राजीव कुमार पंत परिवार समेत उनके साथ रहता है। जबकि छोटा बेटा एयरफोर्स में तमिलनाडु में तैनात है। उन्होंने बताया कि आठ मई को वह अपने कमरे में साफ सफाई कर रहे थे। तभी राजीव और उसकी पत्नी सुमन कमरे में आई। दोनो सम्पत्ति उनके नाम करने की मांग करने लगे। विरोध पर गाली गलौज कर उन्हें लाठी डंडों से पीटा। जिसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# आवंटित भूखंड पर आठ साल से नहीं मिला कब्जा, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आठ साल पहले मिले आवासीय भूखंड को यूपीएसआईडीए ने आज tk विकसित नहीं किया है। जिससे सरकारी योजना का लाभ आवंटियों को नहीं मिल पा रहा है। शुक्रवार को ट्रांस गंगा सिटी रेजीडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ परियोजना अधिकारी अजयदीप सिंह से मिला और अपनी समस्या बताई।

ट्रांस गंगा सिटी रेजीडेंसियल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक द्विवेदी ने बताया आवासीय आवंटियों को कब्जा न मिलने से दुखी हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले मामले की शिकायत प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर की गई है। बताया कि भूखंड आवंटित होने के आठ साल बीत गए, लेकिन यूपीएसआईडीए ने आज तक आवंटित भूखंड विकसित नहीं किया है। ऐसा तब है जब सरकारी योजनाओं में पात्रों को निशुल्क आवास दिए जा रहे हैं। ट्रॉस गंगा सिटी आवासीय परियोजना के आवंटियों ने बताया शुक्रवार को वरिष्ठ परियोजना अधिकारी अजयदीप सिंह से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल की शिकायत सुनने के बाद इस बारे में उन्होंने कहा कि ट्रॉस गंगा सिटी में तीन माह के भीतर समस्त आवासीय सुविधाएं विकसित कर आवंटित भूखंड पर कब्जे दे दिए जाएंगे।


परियोजना अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई। अमृत विचार

- ट्रांस गंगा के आवंटियों ने परियोजना अधिकारी को बताई समस्या

# ईयरफोन लगाकर छात्र ने लगा ली फांसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में ग्यारहवीं के छात्र ने ईयरफोन लगाकर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र ने पंखे को खोलकर नीचे रखा फिर फंदा लगाया। घटना के समय मां और पिता काम से गए थे। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की। घटना के बाद परिवार में चीखपुकार मच गई।

सुंदर नगर निवासी सरवन कटियार सब्जी बेचने का कार्य करते हैं। वह शिवराज पाल के मकान में ऊपरी तल पर किराए पर रहते हैं। उनका 17 वर्षीय बेटा सागर ग्यारहवीं का छात्र था और सचेंडी स्थित बिस्कुट फैक्ट्री में रात्रि ड्यूटी में काम करता था। शुक्रवार दोपहर मां शारदा दादा नगर काम पर और पिता सरवन भौंती में रसोई गैस सिलेंडर लेने गए थे तभी सागर ने कमरे में लगा पंखा खोलकर नीचे रखा और कुंडे में गमछे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। पिता सरवन वापस लौटे और सीधे बाहर के कमरे में जाकर लेट गए। थोड़ी देर बाद उन्होंने सागर को बुलाया तो जवाब न आने पर कमरे में जाकर देखा तो घटना का पता लगा। सरवन के कान में ईयर फोन लगा था। सूचना पर पनकी पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम पहुंची, और जांच पड़ताल की। चौकी प्रभारी सरवन कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक के मोबाइल की जांच की जा रही है।

- 11 वीं का छात्र था सागर कारण पता नहीं चला


सागर।

# सड़क हादसों में चार की जान गई

कानपुर। शहर के अलग-अलग चार थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दवा व्यापारी समेत चार लोगों की जान चली गई। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिससे चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए हादसे

### दवा व्यापारी को रोडवेज बस ने टक्कर मारी

- रेलबाजार थानाक्षेत्र में गुरुवार शाम सीओडी पुल के पास विजय नगर निवासी 30 वर्षीय दवा व्यापारी संदीप कुमार मिश्रा उर्फ अंकुर को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनके भाई सुमित और सुदेश ने बताया कि वह बिरहाना रोड दवा मार्केट जा रहे थे। इसी दौरान हादसे के शिकार हो गए। हादसे में बड़े बेटे की मौत के बाद मां चंदा मिश्रा का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

- चौबेपुर के जुगियाना इलाके के रहने वाले 40 वर्षीय राजू अपनी ससुराल बेकनगंज बाइक से गए थे। परिजनों ने बताया कि जहां से वह शुक्रवार सुबह 4.30 बजे घर के लिए लौट रहे थे। कोकाकोला चौराहा पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने हैलट अस्पताल भिजवया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पत्नी शमीम, बच्चे शबीना और आसू का रो-रोकर बुरा हाल है।




### पेट्रोल पंप कर्मी की गई जान

- पनकी थानाक्षेत्र के शाहपुर के रहने वाले बुजुर्ग 76 वर्षीय पूरन एक पेट्रोल पंप में कर्मी थे। उनके सहकर्मियों ने बताया कि बुधवार रात 12.30 के आसपास वह पेट्रोलपंप के पास सड़क पर खड़े थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सहकर्मी नरेंद्र और निर्मल ने हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के बाद गुरुवार को दम तोड़ दिया।

### छत से गिरकर मजदूर की मौत

- चकेरी थानाक्षेत्र में स्थित कोयला नगर में निर्माणाधीन मकान में छत से गिरने से फतेहपुर के बकेवर जरारा लालपुर गांव निवासी 50 वर्षीय सियाराम की मौत हो गई। परिवार में पत्नी सरोजनी, चार बेटे व तीन बेटी हैं। परिजनों ने बताया कि वे वर्तमान समय मे न्यू आजाद नगर में पंकज के निर्माणाधीन मकान में काम रहे थे और वही पर रहते भी थे। गुरुवार रात को सियाराम छत से गिर गए। जिससे उनकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह जब पंकज मकान में पहुंचे तो उन्हें सियाराम का शव पड़ा मिला। जिसके बाद उन्होंने परिजनों को सूचित किया।

# निजी आईडी पर तत्काल टिकट बनाने वाला पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निजी आईडी पर तत्काल टिकट बनाने वाले को आरपीएफ जीएमसी व क्राइम ब्रांच ने छापा मारकर दबोच लिया। आरोपी के पास से तत्काल के 12 रेलवे टिकट बरामद हुए। 500 से लेकर 1000 रुपये अतिरिक्त लेकर आरोपी टिकट बेचता था।

निजी आईडी से टिकट बनाने की खबर पर आरपीएफ जीएमसी प्रभारी सुरुचि शर्मा और क्राइम ब्रांच प्रभारी अजीत तिवारी ने टीम बनाई। नजीराबाद के आरकेनगर में छापा मारकर आरोपी को दबोच लिया। आरपीएफ जीएमसी प्रभारी सुरुचि शर्मा ने बताया कि आठ निजी आईडी पर गोल्डी सलूजा तत्काल टिकट बनाता था। टीम ने घेराबंदी कर जब उसे दबोचा तो धमियाकर भागने लगा। इस पर आरपीएफ जवानों ने पकड़ लिया। उसके कब्जे से तत्काल के 12 टिकट भी बरामद हुए हैं। जिनकी कीमत करीब 27000 रुपये है। उन्होंने बताया कि आरपीएफ सिपाही रमेश नाविक के प्रयास से मामले का खुलासा हुआ है। आरोपी ने एलाईड मोटर्स के नाम से आरके नगर में दुकान खोल रखी है। वह तत्काल टिकट बनाने पर पांच सौ से एक हजार रुपये अतिरिक्त वसूल करता था।

- 12 टिकट बरामद, 1000 रुपये तक अतिरिक्त वसूलता था

# भवनों पर अवैध विज्ञापन, 15 को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में भवनों पर अवैध रूप से होर्डिंग्स फ्रेम टांगने और उसपर विज्ञापन करने के मामले में नगर निगम ने 15 भवन मालिकों और संबधित एड कंपनी को नोटिस दी है। तत्काल होर्डिंग उतारने के निर्देश दिये हैं। नगर निगम ने कहा कि अवैध होर्डिंग्स की वजह से नगर निगम को क्षति पहुंची है इसलिये सात दिनों में संपूर्ण जुर्माना जमा करें। एफआईआर की चेतावनी भी दी है।

शहर के कई क्षेत्रों में जर्जर भवनों में होर्डिंग जानलेवा बनी हुई हैं।, नियम के विपरीत भवनों में होर्डिंग्स फ्रेम टांगकर अवैध विज्ञापन किये जा रहे हैं। जिससे नगर निगम को राजस्व का चूना भी लग रहा है। जिन मकानों में होर्डिंग लगी हैं उनसे व्यावसायिक टैक्स लेना चाहिए लेकिन नहीं लिया जा रहा है। बिना किसी स्वीकृति के कई मकानों में होर्डिंग लगी हैं। क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक और कर्मचारी सुविधा शुल्क के चलते आंखें बंद किए हुए रहते हैं और अपनी जेब भरते हैं। नगर निगम में विज्ञापनों पर कार्रवाई करने के लिए एक विभाग है।

- नगर निगम ने दी एफआईआर की चेतावनी
- विज्ञापन उतारने और जुर्माना जमा करने के निर्देश

### होर्डिंग हटाने पर जुर्माने की दर

- निर्धारित नियमों के विपरीत किसी तरह के विज्ञापन पट पर - 15 हजार रुपये
- किसी दीवार या सतह पर वाल पेंटिंग की सफाई कराने पर - पांच हजार रुपये
- किसी निजी भवन की छत से होर्डिंग हटाए जाने पर - 30 हजार रुपये
- एक बार से अधिक नियमों का उल्लंघन करने पर - 500 रुपये प्रतिदिन

### इनको भेजा गया नोटिस

- सुभाष मेमोरियल कॉम्पलेक्स मधुलोक चौराहा के योगेंद्र सिंह, ब्रजेश कुमार उत्तम, श्याम कुमार सिंह बी ब्लॉक, शर्मा मोटर्स शोरूम बिनोबा नगर, शांति निकेतन स्वीट्स किदवई नगर, असीम बाजपेई, राजा राम बाजपेई बारादेवी, लाल पैलेस सिनेमा हॉल जूही, आफताब आलम बाबूपुरवा, राधे एडवरटाइजिंग नौबस्ता चौराहा, अनिल कुमार टीपी नगर बाकरगंज, ठाकुर काम्पलेक्स, दिनेश कुमार, नया शिवराज हास्पिटल नौबस्ता, सुधीर सिंह सचान गेस्ट हाउस जूही कला, रचित एडवरटाइजिंग पिंक चौकी चौराहा किदवई नगर, सुशीला पांडेय त्रिवेणी मार्केट एम ब्लॉक।

### होर्डिंग लगाने का नियम

- मकानों में होर्डिंग लगाने के लिए नगर निगम से स्वीकृति लेनी चाहिए। साथ ही मकान का आवासीय कर लेने के बजाए व्यावसायिक कर वसूला जाएगा। इस पर कार्रवाई की जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षक और कर्मचारियों की भी है।

### जर्जर भवनों पर भारी भरकम होर्डिंग से हादसे की आशंका

- हटिया, नरोना चौराहा, फूलबाग, रावतपुर, जनरलगंज समेत कई जगह जर्जर भवनों पर होर्डिंग लगी है। जर्जर भवन गिरने के साथ ही भारी भरकम लगी होर्डिंग गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है।


संस्था की जर्सी लांच की गई। अमृत विचार

# वूमेन एंपावरमेंट वेलफेयर ने मनाया स्थापना दिवस

**कानपुर।** वूमेन एंपावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी ने शुक्रवार को द्वितीय स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे समिति शशांक शुक्ला व एडीसी, सिविल डिफेंस गुलाम नबी ने दीप जलाकर किया।

गणेश वंदना के बाद संस्थापक डॉ. प्रतिभा मिश्रा व अतिथियों ने संस्था की टी शर्ट व बैग का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि संस्था दो साल से लगातार पर्यावरण संरक्षण, सफाई, जागरूकता अभियान में अपनी सक्रीय भूमिका निभाती आ रही है।

अध्यक्ष डॉ. अंशु ने संस्था की वेबसाइट का शुभारंभ किया। सचिव सपना सिंह ने बताया कि 19 मई से मिशन क्लीन के तहत शहर में कुछ सब्जी मंडियों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। सब्जी बेचने वालों को कपड़े के बैग दिए जाएंगे। जिससे पॉलिथीन का प्रयोग रोका जा सके। मंच का संचालन डॉ. अर्चना अग्निहोत्री ने किया। रूचि ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में किरन, विभा, विनीता, सुमन, ममता, रानू, डॉ. अपेक्षा, खुशबू, आरती, मेघना आदि रहीं।

**पोल खोल** प्लेटफार्मों के एक चौथाई सीलिंग फैन बंद पड़े, ट्रेनों का इंतजार करने वाले यात्री गर्मी से बेहाल

# न पंखा-न पानी, सेंट्रल स्टेशन की बदहाली की पढ़ो कहानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में सेंट्रल स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का टोटा है। यात्रियों को प्लेटफार्मों पर लगे पंखों से हवा भी नसीब नहीं है। प्लेटफार्मों पर लगे एक चौथाई सीलिंग फैन बंद पड़े हैं। जिनके पास पैसे हैं, वह भुगतान करके एसी प्रतीक्षालय में बैठकर ट्रेन का इंतजार कर सकते हैं, बाकी प्लेटफार्मों पर बैठकर पसीना बहाते हैं।

सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्मों पर यात्रियों के लिए लगाए गए सीलिंग फैन भी सिटिंग चेयर से काफी दूर हैं। हवा के लिए यात्रियों को पंखे के नीचे खड़ा होना पड़ता है। मौजूदा समय में एक चौथाई सिलिंग फैन बंद पड़े हैं।

शुक्रवार को प्लेटफार्म एक, छह व सात पर सिटिंग चेयर के पास कई पंखे बंद मिले। गर्मी से बेहाल यात्रियों ने इसकी आरपीएफ जवानों से शिकायत की। बताया कि पंखे बंद होने से यात्रियों को इस गर्मी में बेहाल होना पड़ रहा है।

यात्रियों के नाराजगी जताने पर आरपीएफ जवानों ने उन्हें शांत कराया, कहा कि पंखों की सूची बनाकर जल्द चालू कराया जाएगा। वहीं अलीपुरद्वार एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे शुक्लागंज निवासी देवेंद्र सिंह ने बताया कि कई पंखे बंद पड़े हैं और जो चालू हालत में है उनकी गति इतनी धीमी है कि हवा ही नहीं लग रही है। गर्मी से बेहाल होने पर परिवार के बच्चों को रेलवे के एसी प्रतीक्षालय में बैठाया है। प्रतीक्षालय में प्रति घंटे के हिसाब से 20 रुपये लिया जाता है। खुद पंखे के नीचे गर्मी में बैठे हैं।


नलों पर टूट पड़ते यात्री पर मिलता गर्म पानी। अमृत विचार

### नलों से आता गर्म पानी, पी नहीं सकते यात्री

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर प्लेटफार्मों पर लगी पानी की टोटियों से इस गर्मी में प्यास नहीं बुझ सकती है और वाटर कूलर भीड़ को देखते हुए साथ नहीं दे रहे हैं। मजबूरी में यात्री पानी खरीदकर पी रहे हैं। गुरुवार दोपहर प्लेटफार्म पांच-छह पर ट्रेनें पहुंचीं तो यात्री टोटियों पर टूट पड़े। बोतलें भरीं, लेकिन गर्म पानी पी नहीं सके। आखिर में खरीदकर पानी पीना पड़ा। गुरुवार दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक स्टेशन के प्लेटफार्म पांच-छह का यही हाल रहा। लगातार ट्रेनें आती और जाती रहीं। यात्रियों की पानी की टोटियों पर भीड़ लगती। पानी भरने के बाद पी नहीं पाते। यात्रियों के अनुसार टोटियों से पानी बहुत धीमा आता है। जिससे बोतल भरने में समय लग जाता है। इस बीच धक्कामुक्की होती रहती है। पानी भर तो लेते हैं, लेकिन पीने लायक नहीं होता है। टोटियों का पानी गर्म होता है। इससे प्यास नहीं बुझती है। सिर्फ हाथ धोने के काम ही आता है। मजबूरी में पानी की बोतल खरीदकर ही प्यास बुझानी पड़ती है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार अफसरों को इसका पता नहीं है। वे सब जानकर भी अन्जान बने रहते हैं। कुछ लोग इसके पीछे वेंडरों को फायदा पहुंचाने की बात भी बताते हैं क्योंकि अगर टोंटी से ठंडा पानी आने लगेगा तो वेंडरों-स्टालों से कौन खरीदेगा। यात्रियों के अनुसार जो वाटर कूलर लगे हैं, उनका भी यही हाल है। कई वाटर कूलर से तो बूंद-बूंद की शक्ल में पानी गिरता है। ऐसी व्यवस्था का क्या फायदा, जब यात्रियों का सहूलियत ही न मिले। यात्रियों ने कहा इस गर्मी में टोटियों का पानी सिर्फ हाथ धोने के काम आता है।

- पानी के पाउच खरीदकर बुझाते हैं प्यास


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम PAUL RAJU से बदलकर P.P. RAJU रख लिया। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-J.R. PONNAIYAN, 25, S.T THERESA SCHOOL SECTOR, 1 JAL VAYU VÍHAR FIRANGI KHERA LUCKNOW (U.P)-226002

### सूचना

सूचित हो कि मैंनें अपने पुत्र हरिओम सिंह के गलत आचरणों से दुःखी होकर उससे सभी प्रकार से संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्तियों से भी बेदखल कर दिया है अब वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **- विश्राम सिंह पुत्र डल्ला सिंह, निवासी- मोहल्ला- आनन्दीदास थाना व जिला - कन्नौज**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **राजरानी पत्नी राज कुमार, निवासी- ग्राम- कमुवा, थाना- रामपुर कला परगना व तहसील बिसवां जिला- सीतापुर** मेरे पति राजकुमार जुआ, शराब व आवारा किस्म की औरतों के चक्कर में कही भटक रहा है तथा अपने पिता की सम्पूर्ण भूमि को विक्रय कर दिया है मेरे पास स्व0 आर्जित सम्पत्ति है जिससे मेरे पति राजकुमार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मै अपने पति को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ।

### Notice

I, Safia Firdous wife of Firdous Alam, resident of Plot No. 76, Road No. 5, Emerald Gulistan, Jajmau, Kanpur Nagar-208010.My name in my passport number is J2876385. J.T.Chhachhand is written. However, I am keeping my name as Safia Firdous which is Aadhar card number 8823 3709 so in my passport my name should be recorded as Safia Firdous instead of Safia Tarannum. Safia Tarannum and Safia Firdaus are the names of the same person.

**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

42.6⁰ अधिकतम तापमान | 24.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 20 | सूर्यास्त 06 : 50

## शहर में आज



- **व्याख्यान :** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज सभागार में आईएमए सीजीपी पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान सुबह 11 बजे।
- **पुण्यतिथि :** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेशनर्स एसोसिएशन द्वारा हैलट ओपीडी में स्व.बीएन सिंह की पुण्यतिथि सुबह 11 बजे।
- **वार्ता :** उप्र की विमेन एंटरप्रेन्योर कमेटी की सदस्य द्वारा "उन्नति एक चतुर्मुखी विकास पर मर्चेंट चेंबर में वार्ता 12 बजे।

○ नौबस्ता थानाक्षेत्र के आवास विकास हंसपुरम में गुरुवार देर रात हुई वारदात ○ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

# भजन गायिका पत्नी को तीसरी मंजिल से फेंककर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के आवास विकास हंसपुरम में गुरुवार देर रात पति ने भजन गायिका अपनी पत्नी को जमकर मारापीटा और तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी पति अपनी बेटी को लेकर फरार हो गया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की।



जानकारी देते सपना के पिता शिवकुमार, चाचा अनिरुद्ध व बेटा समर।

हरबंश मोहाल के रहने वाले शिवकुमार शर्मा ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बड़ी बेटी 35 वर्षीय सपना उर्फ नीलम की शादी नौबस्ता के आवास विकास हंसपुरम निवासी राहुल तिवारी से वर्ष 2010 में की थी। राहुल तिवारी मूलरूप से घाटमपुर का रहने वाला है। सपना से उसे एक बेटा 10 वर्षीय समर तिवारी और 6 वर्षीय बेटी शौर्या तिवारी है। सपना भजन गायिका थी। वह कई शहरों में धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर भजन गाती थी। यूट्यूब में भी उसके काफी फालोवर हैं। दामाद राहुल तिवारी नशे का लती है और कुछ नहीं करता है। सपना की कमाई भी वह शराब में उड़ा देता था। रुपये देने से मना करने पर आए दिन उसे मारता पीटता था। गुरुवार को सपना अपने मायके हरबंश मोहाल आई थी।



सपना तिवारी।



राहुल तिवारी।

> सपना के पिता की तहरीर के आधार पर पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।
>
> –मंजय कुमार, एसीपी नौबस्ता

रात 10 बजे वह ससुराल लौट गई थी। रात करीब 12 बजे दामाद और बेटी में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद राहुल सपना को लेकर तीसरी मंजिल पर पहुंच गया और पीटने के बाद वहां से उसे धक्का दे दिया। सपना का मोबाइल मायके में ही छूट गया था। जिस पर रात 12 बजे के आसपास देवर अंकित तिवारी का फोन आया और उसने घटना की जानकारी दी। देवर ने बताया कि वह भाभी सपना को हैलट ले जा रहा है। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी उसकी मां मीना और छोटी बहन निक्की को दी गई तो कोहराम मच गया। मां मीना अचेत हो गई।

**मम्मी को पापा ने छत से फेंक दिया:** सपना के सहमे बेटे समर ने पुलिस को बताया कि जब सभी लोग सो रहे थे, तभी रात में चाचा का फोन आया कि पापा ने मम्मी को छत से फेंक दिया है। यह सुनने के बाद हम नाना के साथ अस्पताल पहुंचे तो वहां पर पता चला की मम्मी खत्म हो गईं। घटना के दौरान समर नाना के पास था।

### काम करने के दौरान हो गए थे प्रेमसंबंध

भजन गायिका सपना के पिता शिवकुमार शर्मा और चाचा अनिरुद्ध ने बताया कि काफी वर्ष पहले राहुल तिवारी भी भजन मंडली में काम करता था। वहीं पर बेटी के साथ काम करने के दौरान दोनों में प्रेम संबंध हो गए। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली।

### मारपीट करता था, फिर माफी मांग लेता था

पिता शिवकुमार ने आरोप लगाया कि राहुल आए दिन नशे में धुत होकर सपना को पीटता था। बेल्टों और डंडे से पीटता था। रुपये छीन लेता था और गालीगलौज कर घर से भगा देता था। इसको लेकर अगस्त 2023 में हरबंश मोहाल और नौबस्ता थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने समझौता करा दिया था। इसको लेकर उसके और हौसले बढ़ते चले गए। वह बेटी से मारपीट करता था और बाद में माफी मांग लेता था।

### बेटी को लेकर भागा

सपना को मार डालने के बाद हत्यारोपी राहुल तिवारी अपनी बेटी शौर्या को लेकर भाग निकला। परिजनों को यह चिंता सता रही है कि कहीं वह उसके साथ भी कोई अनहोनी न कर दे।

# युवक की हत्या की, हाथ पैर बांधकर गंगा में फेंका



घटनास्थल पर सुरेंद्र के भाई से जानकारी लेते डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नवाबगंज थानाक्षेत्र के रामपुर कटरी के पास गंगा किनारे पड़ा मिला शव
- दो मई से था लापता, परिजनों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में पंद्रह दिनों से लापता युवक की हत्या करने के बाद हाथ-पैर बांधकर गंगा में फेंक दिया गया। घर से सात किमी दूर गंगाकटरी में उसका क्षतविक्षत शव मिला। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। इसके बाद शव को गंगा से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



सुरेंद्र कुमार निषाद।

शिवदीनपुरवा निवासी 25 वर्षीय सुरेंद्र कुमार निषाद मजदूरी के साथ खेती किसानी करता था। परिवार में बड़े भाई सुजीत और संजय हैं। परिजनों ने बताया कि दो मई को सुरेंद्र घर से निकला था, इसके बाद से वह नहीं लौटा। परिजनों ने नवाबगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शुक्रवार सुबह रामपुर गंगाकटरी के पास हाथ पैर बंधा एक शव बरामद हुआ। परिजनों ने कपड़ों और हाथ में नाम गुदा होने पर उसकी पहचान सुरेंद्र निषाद के रूप में की। बड़े भाई संजय और सुजीत ने बताया कि दो मई को गांव का एक युवक उसे ले गया था।

परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना वाले दिन लक्ष्मणपुरवा गांव के कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया था। जिसके बाद से वह लापता था। नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्र, डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। पोस्टमार्टम के बाद बिसरा सुरक्षित किया गया है। परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र छह भाइयों में तीसरे नंबर का था।

### एक से ज्यादा होंगे हत्यारे

सुरेंद्र की हत्या की वजह अभी सामने नहीं आई है। जिस तरह से सुरेंद्र के पीछे से दोनों हाथ और पैर रस्सी से बांधे गए थे, उससे लगता है कि हत्यारे एक से अधिक होंगे। शव गंगा में ऊपर न आ पाए इसलिए हत्यारों ने ईंट तक बांध दी थी।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## एक नजर

### जून में आएंगी यूपी बोर्ड की मार्कशीट




**कानपुर।** यूपी बोर्ड की अंकतालिकाएं जून के पहले सप्ताह तक आएंगी। शिक्षा अधिकारियों की मानें तो चुनाव के चलते मार्कशीट के आने में देरी हो रही है। विभाग की ओर से नई तिथि आने के बाद अंकतालिकाओं के वितरण की तैयारी शुरू कर दी गई है। पहले अंक तालिकाएं मई के दूसरे सप्ताह में आनी थीं। यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 20 अप्रैल को जारी किया गया था। छात्र इंटरनेट की कॉपी से प्रवेश के लिए आवेदन कर रहे हैं। प्रवेश के दौरान उन्हें भी मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जून के पहले सप्ताह में सभी स्कूलों तक अंकतालिकाएं पहुंचाई जाएंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि जून के पहले सप्ताह में सभी स्कूलों से इनका वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

### विद्यार्थी मार्केट में वृद्ध का शव पड़ा मिला



**कानपुर।** शुक्रवार को गोविंद नगर थानाक्षेत्र के विद्यार्थी मार्केट के पास फुटपाथ पर वृद्ध का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी। चौकी प्रभारी गोविंद नगर शिवा सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम लोगों ने सूचना दी कि विद्यार्थी मार्केट के पास एक शव पड़ा है। जांच में पता चला कि शव रामआसरे नगर निवासी 55 वर्षीय अधीर का था। चौकी प्रभारी ने बताया कि अधीर घर से झगड़ा कर फुटपाथ पर ही रहता था। सुबह अधीर के न उठने पर आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### पढ़ाई के लिए बच्चों को मिला टीवी

**कानपुर।** प्राथमिक विद्यालय बंसथी प्रथम में स्मार्ट कक्षा के सहयोग के लिए टीवी उपलब्ध कराया गया। यह टीवी धनीराम कुशवाहा की ओर से विद्यालय के बच्चों को निपुण व स्मार्ट बनाने के लिए दिया गया। बताया गया कि इससे पूर्व विद्यालय के शिक्षक राजन लाल ने भी एक स्मार्ट टीवी एवं लैपटॉप बच्चों के लिए दिया है। शिक्षक ने बंसथी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए एक निशुल्क पुस्तकालय की भी स्थापना की है। यह भी बताया गया कि बच्चों को रोचक पढ़ाई के लिए स्कूल की ओर से विभिन्न स्त्रोत से सुविधाएं बढ़ाए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# नानाराव तरणताल में तैराकी के लिए फीस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बढ़ती भीड़ को देखते हुये स्मार्ट सिटी ने 50 रुपये का लगाया शुल्क
- छह लाइफ सपोर्ट और एक ट्रेनर देगा तैराकी का प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** नानाराव पार्क में बने तरणताल में अब तैराकी के लिये 50 रुपये का शुल्क देना पड़ेगा। नगर निगम स्मार्ट सिटी ने भीड़ को कंट्रोल करने के लिये शुक्रवार से शुल्क का प्रावधान कर दिया है। यहां छह लाइफ सपोर्ट गार्ड और एक ट्रेनर की मदद से तैराकी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। बढ़ती भीड़ के कारण सबको तैराकी की अनुमति दे पाना मुश्किल हो रहा है।

सात अप्रैल को तरणताल में तैराकी का ट्रायल रन हुआ था। तरणताल खुलने के बाद यहां शहर भर से लोग तैराकी करने के लिये आने लगे। निशुल्क की वजह से एक दिन में 500 लोग तक पहुंचे। जिससे तरणताल में तैनात कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गये। व्यवस्था को बनाए रखने और लोगों को अच्छी ट्रेनिंग देने के उद्देश्य से शुक्रवार को स्मार्ट सिटी ने 50 रुपये का टिकट लगा दिया। इसके बाद भी यहां युवाओं की भीड़ रही।



नानाराव पार्क स्थित तरणताल में तैराकी का मजा लेते युवक। अमृत विचार

### लगाए गए लंगूर के होर्डिंग्स

स्मार्ट सिटी के अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट आरके सिंह ने बताया कि तरणताल आधुनिक एवं राष्ट्रीय स्तर का है। यहां तैराकी के लिये 50 रुपये का शुल्क चुकाना होगा। तरणताल के आस-पास बंदरों का झुंड आ जाता था जिससे लोगों को परेशानी हो रही थी। इसको देखते हुये लंगूर के कट-आउट लगाए गए हैं।

# नार्थ ईस्ट का इंजन खराब, दो घंटे रुकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गर्मी-उमस से बेहाल यात्रियों ने प्लेटफार्म पर किया हंगामा
- तकनीकी स्टाफ ने की जांच दूसरा इंजन लगा किया रवाना

**अमृत विचार।** नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस 12505 का इंजन शुक्रवार दोपहर सेंट्रल स्टेशन पर खराब हो गया। चालक ने कई बार प्रयास किया, लेकिन इंजन स्टार्ट नहीं हो सका। इस कारण ट्रेन करीब दो घंटे प्लेटफार्म पर खड़ी रही। गर्मी और उमस से बेहाल यात्रियों ने स्टेशन पर जमकर हंगामा किया। अधिकारियों से कहासुनी के बाद नया इंजन लगाकर ट्रेन को रवाना किया गया।

कामाख्या से आनंद विहार टर्मिनल जा रही नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस दोपहर 3.25 पर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पहुंची। 20 मिनट ठहराव के बाद जब 3.48 बजे ट्रेन रवाना होने लगी तो अचानक इंजन में पावर की समस्या आ गई। चालक के लाख प्रयास के बाद ट्रेन चालू ही नहीं हो सकी। इस पर चालक ने अधिकारियों व तकनीकी स्टाफ और इंजीनियरों को सूचना दी। जानकारी पाकर कुछ ही देर में तकनीकी स्टाफ मौके पर पहुंचा और इंजन की जांच की। इंजीनियरों ने बताया कि इंजन में पावर की समस्या है। जिसकी वजह से इंजन स्टार्ट नहीं हो रहा। इधर गर्मी और उमस से बेहाल यात्री ट्रेन से उतरकर प्लेटफार्म पर हंगामा करने लगे। यात्रियों की नाराजगी देखकर आरपीएफ व जीआरपी ने किसी तरह उन्हें शांत कराया। वहीं इंजीनियरों ने इंजन में समस्या देखकर अधिकारियों को अवगत कराया। यात्रियों की नाराजगी देखकर नया इंजन लगाकर ट्रेन को 5.28 बजे आनंद विहार टर्मिनल के लिए रवाना किया गया। उमस से बेहाल कई यात्रियों ने कहा कि वैसे ही लोग गर्मी और उसम में किसी तरह सफर कर रहे है। उस पर रेलवे के इंजन में तकनीकी खराबी और बेहाल कर रही है।



## ब्लैकमेलिंग व गलत खबर पर पुलिस पकड़ेगी

**कानपुर।** शुक्रवार को कानपुर प्रेस क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिला। उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए अध्यक्ष सरस बाजपेई और महामंत्री शैलेश अवस्थी ने कहा कि पत्रकारिता की आड़ में गैरकानूनी और गैरसामाजिक कार्यों में लिप्त लोगों को चिह्नित करके निष्पक्ष जांच व कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

अध्यक्ष और महामंत्री ने कहा कि गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर ऐसे सभी फर्जी पत्रकारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए जो भ्रामक और अपुष्ट खबरें और ब्लैकमेलिंग वाली खबरें चलाते हैं। पत्रकारिता को बदनाम करने वालों पर पुलिस कार्रवाई करे। ज्ञापन का संज्ञान लेकर पुलिस कमिश्नर ने सभी जोनों के पुलिस उपायुक्तों को निर्देशित किया है कि वह पत्रकारों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराकर प्रेस क्लब को अवगत कराएं। नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुलिस कमिश्नर ने लोगों से अनुरोध किया कि यदि कोई कथित पत्रकार धमकी देता है, ब्लैकमेल करता है अथवा परेशान करता है तो अपने डीसीपी से शिकायत दर्ज करायें।




**आगमन** अयोध्या जा रहे पूर्व राष्ट्रपति ने स्टेशन पर की मीडिया से बातचीत

# रामलला के दर्शन से जीवन धन्य होगा : कोविंद



अभिवादन स्वीकार करते रामनाथ कोविंद।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि रामलला के दर्शन करने से ही जीवन धन्य होगा। रामलला के विराजमान होने की सभी को उम्मीद थी जो जनवरी 2024 में पूरी हुई। वंदेभारत एक्सप्रेस पर शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद आम यात्रियों की तरह ट्रेन में सफर करने का अनुभव सुखद है। ट्रेन के दरवाजे पर खड़े होकर उन्होंने सभी का अभिवादन स्वीकार किया और रेलवे अफसरों व परिचितों से बातचीत की।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शुक्रवार को 22426 वंदेभारत एक्सप्रेस से परिवार के साथ आनंदविहार टर्मिनल से कानपुर सेंट्रल आए। वे परिवार के साथ श्री राम दर्शन को अयोध्या जा रहे थे। सेंट्रल के प्लेटफार्म सात पर समय से करीब आठ मिनट पहले पहुंची वंदेभारत एक्सप्रेस जैसे रुकी, वह ट्रेन के दरवाजे आकर खड़े हो गए। प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों की तरफ हाथ हिलाकर अभिवादन किया। रेलवे अफसरों से बातचीत के दौरान कहा कि प्लेटफार्म नंबर सात बदला हुआ दिख रहा है। इस पर रेलवे अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन का रीडेवलपमेंट चल रहा है। अगले साल के आखिरी तक सेंट्रल विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला स्टेशन बन जाएगा। इस बीच उन्होंने जून 2021 में प्रेसीडेंशियल ट्रेन से शहर आने का जिक्र किया। कहा अब परिवार के साथ आम यात्रियों की तरह ट्रेन में सफर करने का अनुभव, सभी से मुलाकात बेहद सुखद है। लोगों से मिलने के बाद पूर्व राष्ट्रपति कोच में चले गए। इस दौरान एसीएम सेंट्रल संतोष कुमार त्रिपाठी, स्टेशन अधीक्षक अनिल तिवारी, आरपीएफ प्रभारी बीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# रीढ़ की हड्डी के दर्द को न करें नजरअंदाज, हो सकता ट्यूमर

## केजीएमयू लखनऊ से आए न्यूरो सर्जन ने आईएमए सीजीपी में दी जानकारी, बताया गया कि कोरोना के बाद से बढ़ा है युवाओं में दिल का रोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रीढ़ की हड्डियों की संरचना जितनी जटिल है, उससे ज्यादा इसके शारीरिक महत्व भी होते हैं। रीढ़ की हड्डी के जोड़ स्पाइन में बेहद सुरक्षित रहते हैं। इन जोड़ों का सीधा संबंध दिमाग से होता है। मस्तिष्क को सूचना आदान-प्रदान करने में रीढ़ की हड्डियों की उपयोगिता जगजाहिर है। कई बेहद सामान्य कारण भी होते हैं, जो रीढ़ की हड्डियों में दर्द का कारण बनते हैं, लेकिन रीढ़ की हड्डी में लगातार दर्द बने रहना ट्यूमर की जटिलता को पैदा कर सकता है। इसलिए रीढ़ में होने वाले दर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह जानकारी लखनऊ केजीएमयू के न्यूरो विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.बीके ओझा ने आईएमए सीजीपी में दी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर ने आईएमए सीजीपी 41 वां रिफ्रेशर कोर्स 2024 का आयोजन किया। लखनऊ केजीएमयू के न्यूरो विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.बीके ओझा ने बताया कि रीढ़ के किसी भी हिस्से में हुई गांठ कोशिकाओं और ऊतकों का एक समूह होता है, जो दिमाग से सीधे संबंध वाली तरंगों के वेग को रोकने का काम करती है। तब व्यक्ति को मानसिक रोग होने की आशंका बढ़ जाती है। सड़क हादसे के अलावा अन्य बीमारियों की वजह से भी मरीज के हाथ व पैर लकवा ग्रस्त हो सकते हैं। अगर कमर दर्द के साथ मरीज को पैरों में कमजोरी या सुन्नपन का एहसास हो तो ऐसे में तत्काल न्यूरो सर्जन से संपर्क करना चाहिए। मल या मूत्र का नियंत्रण प्रभावित होने पर भी न्यूरो संबंधित दिक्कत होती है। काफी समय से कमर दर्द के साथ बुख़ार बना रहता है तो स्पाइन टीबी की आशंका हो सकती है। रात में होने वाला कमर का दर्द स्पाइनल ट्यूमर का पहला लक्षण हो सकता है। आईएमए सीजीपी कानपुर सब फैकल्टी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ.विकास शुक्ला ने बताया कि स्पाइन की दिक्कत 25 से 40 वर्ष के युवाओं में अधिक देखने को मिल रही है, जो लोग अधिक बाइक चलाते हैं या सफर करते हैं, उनमे समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है।

**रेस्पिरेट्री मेडिसिन पर दी जानकारी :** फरीदाबाद के अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के डॉ.सौरभ पहुजा ने रेस्पिरेट्री मेडिसिन पर जानकारी दी। न्यूमोथोरैक्स पल्मोनरी एम्बोलिज्म एआरडीएस, सीओपीडी व अस्थमा की गंभीरताओं के निदान व इलाज की जानकारी दी।



आईएमए सीजीपी में रीढ़ की हड्डी की बीमारी की जानकारी देते डॉ.बीके ओझा (बीच में), डॉ.विकास शुक्ला (बाएं) और डॉ.अमित गुप्ता।




बीमारी की रोकथाम की जानकारी देतीं आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी, डॉ.सौरभ पहुजा, सचिव डॉ.कुनाल सहाय। अमृत विचार

### कमर दर्द, सुन्नपन पर डॉक्टर को दिखाएं

- प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ.अमित गुप्ता ने बताया कि बुजुर्ग महिला व पुरुषों में कैल्शयम व विटामिन डी की कमी होने पर हल्की चोट लगने पर भी फ्रैक्चर का खतरा है, जो रीढ़ की हड्डी में ऑस्टियोपोरोसिस की वजह से हो सकता है। यह दर्द और लकवे का भी स्वरूप ले सकते हैं। चोट लगने के बाद स्पाइन के मरीज को उचित कॉलर या बेल्ट के साथ ही ट्रांसपोर्ट करना चाहिए। स्पाइन से संबंधित कमर दर्द, हाथ-पैरों में सुन्नपन को तो कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### बच्चे की पीठ पर बाल व गड्ढा भी बीमारी

- डॉ.बीके ओझा ने बताया कि बच्चे के जन्म के समय अगर पीठ पर बाल या फिर किसी भी तरह का गड्ढा दिखता है तो यह गंभीर बीमारी का संकेत होता है, जिसका असर कुछ बच्चों में दो से पांच साल बाद या 14 से 15 साल की उम्र नजर आते हैं। शुरुआत में ही न्यूरोसर्जन से इलाज कराने पर बच्चे को भविष्य में होने वाली जटिलताओं से बचाया जा सकता है।

### ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया की बीमारी बढ़ रही

- केजीएमयू की डॉ. ममता ने बताया कि समाज में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया के मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, नींद से जुड़ा एक ब्रीदिंग डिसऑर्डर है। इसमें सोते समय बार-बार सांस रुकती और फिर चलती है। इस बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति की नींद में सांस रुक जाती है और उसे पता भी नहीं चलता। स्लीप एपनिया कई तरह के होते हैं। डॉ.आनंद कुमार श्रीवास्तव ने ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया के निदान और इलाज की जानकारी दी।

### ऐसे करें स्पाइन रोगों से बचाव

- स्पाइन से संबंधित व्यायाम जरूर करें
- रोज पार्क में जरूर टहलें।
- फिजिकल एक्टिविटी करें।
- उगते सूर्य की किरणों में रहें।
- डाइट में प्रोटीन युक्त चीजों को शामिल करें।

### सीजीपी में ये डॉक्टर भी रहे मौजूद

- आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदनी रस्तोगी, सचिव डॉ.कुनाल सहाय, डॉ.शालिनी मोहन, डॉ.आईएन वाजपेयी, डॉ. जयंत वर्मा, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. विकास शुक्ला, डॉ. प्रीति शुक्ला, डॉ. एके सिंह, कॉलेज की उप प्राचार्य डॉ. रिचा गिरी, डॉ.अवधेश कुमार, डॉ.नंदिनी रस्तोगी, डॉ.अनुराग शुक्ला, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ बृजेंद्र शुक्ला आदि डॉक्टर रहे।

## एक नजर

### एक सप्ताह में हरिओम को तलाशने का अल्टीमेटम

**कानपुर।** सर्राफा कारोबारियों का करोड़ों का सोना लेकर फरार हुए हरिओम गुप्ता के दोनों भाइयों आशीष गुप्ता और मनीष गुप्ता को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों हरिओम और उसकी पत्नी की जानकारी से इंकार करते रहे। जांच कर रही कलक्टरगंज पुलिस ने दोनों भाइयों को एक सप्ताह के अंदर उनकी तलाश करने के लिए कहा है। पुलिस ने पूरे परिवार के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लेकर सुरागरसी शुरू की है। दोनों भाइयों से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस की टीमें लगाई गई हैं।

### रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के अंतगर्त रहने वाले एक व्यक्ति ने इलाके के युवक भीमा यादव के खिलाफ थाने में जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी बुधवार सुबह स्कूल जा रही थी कि तभी भीमा यादव ने उसका रास्ता रोक लिया और उसपर बात करने का दबाव बनाने लगा। बेटी ने जब मना किया तो आरोपी ने उसे गालियां देकर धमकाते हुए कहा कि अगर मुझसे बात नहीं करोगी तो मैं तुम्हें और तुम्हारे पिता को जान से मार डालूंगा। इसके बाद बेटी ने जब शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपी भाग निकला।

# दुकान पर साया बताकर पार किए जेवरात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में एक महिला को दुकान पर साया बताकर बाबा ने जेवरात मंगाकर उसे शुद्ध करने की बात कहते हुए गंगाजल मंगाया। जैसे ही महिला अंदर गई वैसे ही बाबा अपने साथी के साथ जेवरात लेकर फरार हो गया। पीड़ित पति के तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नौबस्ता गल्ला मंडी लखपत बिहार निवासी जयवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी रीना सिंह घर में ही ब्यूटी पार्लर की दुकान चलाती हैं। 16 अप्रैल की दोपहर को उनकी दुकान पर एक महिला एक बच्चे व बाबा के साथ आई। महिला ने पत्नी से कहा कि आपकी दुकान पर किसी का साया है, इसी वजह से दुकान कम चल रही है। आपकी इस समस्या का हल उनके साथ आये बाबा कर सकते है। बाबा ने पीड़िता से घर पर रखे जेवरात मंगवा कर अपने हाथ में ले लिए और मंत्र पढ़ने लगे।

महिला से शुद्धि के लिए अंदर से गंगाजल लाने को कहा। जब पीड़िता अंदर से बाहर आई तो देखा कि आरोपी महिला व बाबा लाखों के जेवरात (चेन, मंगलसूत्र, अंगूठी, सोने की चूड़ियां समेत अन्य आभूषण) लेकर फरार हो चुके थे। पत्नी ने डांट से बचने के लिए घटना की जानकारी पति को नहीं दी। एक महीने बाद पति को बताया। इस पर उन्होंने मामले की जानकारी नौबस्ता पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर पर दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### लुटने का डर दिखाकर जेवर ले भागा टप्पेबाज

कानपुर। फजलगंज क्षेत्र में रहने वाली विमला देवी को घर के पास ही दो युवक मिले। जिन्होंने लुटने का डर दिखाकर उनकी चेन और अंगूठी कागज में लपेटकर पर्स में रखवा दी। इसके बाद लुटेरों ने घर जाकर खोलने को कहा। जब वह घर पहुंची तो उसमें नकली जेवरात थे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी ने बताया कि इलाके के सीसी कैमरे देखे जा रहे हैं।

### मौत की डगर पर जिंदगी का सफर



सड़क पर सरपट दौड़ते वाहनों के आगे गोद में बच्चे को लिए परिवार की जिंदगी को जोखिम में डाला। रामादेवी चौराहे के निकट नेशनल हाई-वे पर अपनी जिंदगी को खतरे में डाल कर डिवाइडर को लांघ कर वाहनों के सामने से सड़क पार करते लोग मौत की डगर पर जिंदगी का सफर कर रहे हैं। - अमृत विचार



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल जेडी मनोज कुमार द्विवेदी व बीएसए सुरजीत कुमार सिंह।

# पढ़ाई में रोचकता और गुणवत्ता होनी चाहिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित हुआ प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** शिक्षा बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पढ़ाई में यदि गुणवत्ता के रोचकता को जोड़ दिया जाए तो बच्चों को वह आजीवन याद रहता है। यह विचार शुक्रंवार को बेसिक शिक्षा विभाग के प्रशिक्षण शिविर के दौरान व्यक्त किए गए। बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज सभागार में शिक्षा अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच रणनीति भी बनाई गई।

निपुण भारत मिशन के तहत जनपद कानपुर नगर व कानपुर देहात के अकादमिक रिसोर्स पर्सन के दूसरे चरण की कार्यशाला हुई। एक दिवसीय कार्यशाला में कानपुर नगर व देहात के सभी अकादमिक रिसोर्स पर्सन, स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्यों व सभी खंड शिक्षा अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान जिला समन्वयकों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राज्य परियोजना कार्यालय से नोडल अधिकारी के रूप में वरिष्ठ विशेषज्ञ व पाठ्य पुस्तक अधिकारी माधव तिवारी व किशन अग्रवाल सहित चार सदस्यीय टीम ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल मनोज कुमार द्विवेदी मौजूद रहे। सत्र की शुरुआत में किशन अग्रवाल ने अकादमिक सत्र 2024- 25 की रणनीति पर चर्चा के साथ छात्र उपस्थिति, समय सारिणी, लर्निंग आउटकम, निपुण टूलकिट पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा तीन विभिन्न परिस्थितियों पर प्रतिभागियों का रोल प्ले किया गया। जिसकी सभी ने सराहना की। इसके बाद गुणवत्ता समीक्षा पर चर्चा हुई। विभागीय कार्यों की प्रगति जानने के लिए निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर के प्रयोग पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपशिक्षा निदेशक कानपुर मंडल राजू राणा, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक राजेश कुमार वर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर देहात रिद्धि पांडे ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यशाला के संयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर नगर सुरजीत कुमार सिंह ने किया।

# सिद्धांत-विराट की नाबाद पारी से रचित फाइनेंस जीता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) से आबद्ध जेएनटी स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित जेएनटी अंडर-12 फॉर सिग्मा ग्रीपलॉक ट्रॉफी में शुक्रवार को दो मुकाबले हुए। पहले मैच में सिद्धांत और विराट की शानदार नाबाद पारी ने रचित फाइनेंस को जीत जीत दिलाई। दूसरे मुकाबले में आनंदेश्वर पालीपैक ने बालमोल एकादश को चार विकेट से हराया।

साउथ मैदान पर खेले गए पहले मैच में ऐलन हाउस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.4 ओवर में 143 रन बनाए। टीम के मो. सयान ने 52 और शिवांस कुमार ने 33 रन का योगदान दिया। रचित फाइनेंस के यर्शाध गुप्ता ने तीन, शास्वत अवस्थी, रुद्रा सिंह और कुबेर तिवारी ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रचित फाइनेंस टीम के सिद्धांत शुक्ला ने 65 और विराट श्रीवास्तव ने 52 रनों की नाबाद पारी खेली। दोनों खिलाड़ियों के दम पर रचित फाइनेंस ने बिना किसी नुकसान 19.2 ओवर में दस विकेट से जीत दर्ज कराई। सिद्धांत मैन ऑफ द मैच रहे।

दूसरे मैच में बल्लेबाजी करते हुए बालमोल की टीम ने 25 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाए। टीम के सोम ने 32, अमृत ने 25 रनों का योगदान दिया। पालीपैक टीम के हमजा खान और जोवन ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में उतरी आनंदेश्वर पालीपैक ने 20.4 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाकर चार विकेट से मैच जीत लिया। प्रणव वर्मा ने 42, अर्नब शुक्ला ने 21 रन बनाए। प्रणव मैन ऑफ द मैच रहे। पुरस्कार जेएनटी के अवधेश मिश्रा ने दिया।




विजेता टीम के खिलाड़ियों ने खुशी मनाई। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### धर्मांतरण का दबाव डालने वाले फैज को जेल

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में जॉब लगवाने के नाम पर इंस्ट्राग्राम पर अंकित ठाकुर बनकर नाबालिग से दोस्ती और दुष्कर्म व धर्मांतरण का दबाव डालने वाले फैज मलिक को पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। काकादेव पुलिस ने बताया कि आरोपी पर चमनगंज में तीन और काकादेव थाने में एक मुकदमा पंजीकृत है। नवीन नगर की रहने वाली नाबालिग ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस ऑफिस पहुंचकर पुलिस अफसरों को बताया था कि अप्रैल 2023 में इंस्टाग्राम से अंकित ठाकुर से दोस्ती हुई थी। उसने दोस्त की कार में नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म किया था। बाद में पता चला कि उसका असली नाम फैज मलिक है। आरोपी अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा और धर्मपरिवर्तन करने का दबाव डाला। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर आरोपी फैज मलिक निवासी बेकनंगज के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो, धर्मांतरण का दबाव, अपहरण, आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर उसे गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। काकादेव इंस्पेक्टर केपी गौड़ ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए टीम रवाना

**कानपुर।** मनोहर परिकर इंडोर स्टेडियम गोवा में 19 और 20 मई को होने वाली इंटरनेशनल मार्शल आर्ट कराटे चैंपियनशिप के लिए शुक्रवार को यूपी टीम रवाना हुई। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव बाबुल वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित शहर के खिलाड़ी प्रतिभाग करने के लिए शुक्रवार को गोवा के लिए रवाना हुए हैं। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष राज प्रकाश शर्मा और सचिव बाबुल वर्मा ने फूलमाला पहनाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन और रवाना किया। रेफरी अजय कुमार सिंह, टीम मैनेजर पुष्पा जायसवाल मौजूद रही।

लापरवाही | डबका, सत्तीचौरा, गोलाघाट, रानीघाट, परमिया और गुप्तारघाट पर नहीं मिला जैविक शोधन

# छह नालों में बायोरेमिडिएशन नहीं, गंगा हो रही गंदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा में गिर रहे छह अनटैप्ड सीवेज नालों में एक बार फिर जैविक शोधन (बायोरेमिडिएशन) का कार्य होते नहीं मिला है। यूपीपीसीबी के अधिकारियों की ओर से अप्रैल और मई में किये गये निरीक्षण में नालों के पास जैविक शोधन के लिये स्थापित डोजिंग प्लास्टिक टैंक में सीडिंग और माइक्रोबियल कल्चर नहीं मिला जो बायोरेमिडिएशन के लिये जरूरी है। यूपीपीसीबी ने नगर निगम पर्यावरण अभियंता को चेताया है कि यदि ऐसी ही लापरवाही बरती गई तो गंगा की जलगुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता रहेगा। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी ने अधिकारियों को कार्रवाई के लिये लिखा है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार कानपुर नगर में गंगा नदी में छह सीवेज नाले डब्का, सत्तीचौरा, गोलाघाट, रानीघाट, परमिया और भगवतदास गुप्तारघाट में जैविक शोधन (बायोरेमिडिएशन) का कार्य हो रहा है। यह कार्य नगर निगम द्वारा अनुबंधित संस्था मेसर्स विशान्त चौधरी कांट्रैक्टर जेवी, मेसर्स नेक्सजेन इन्फोवर्ड प्रा. लि. अलीगढ़ कर रही है। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि अप्रैल में आठ, पंद्रह और 22 तारीख को गंगा में मिलने वाले नालों का निरीक्षण किया तो एक भी नारे में बायोरेमिडिएशन का कार्य नहीं होता मिला है। मई में भी नालों की यही स्थिति है। नगर निगम को कई नोटिसों के बाद भी संबंधित कंपनी कार्य में लापरवाही बरत रही है। जिससे नालों का दूषित पानी सीधा गंगा में प्रवाहित हो रहा है।

**5 लाख महीना जुर्माना लगाने को लिखा पत्र:** यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्रा ने गंगा नदी में गंदगी प्रवाहित करने में प्रतिमाह पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाने के लिये डीएम व संबंधित अधिकारियों को लिखा है। गंगा नदी की गुणवत्ता बनाये रखने के लिये नगर निगम को कहा है।




काला पानी गंगा नदी पर कलंक : काले रंग का नजर आ रहा गंगा नदी का जल वास्तव में नालों के सीवर का पानी है जिसने गंगा जल को दूषित करने का कलंक लगाया है। गंगा की यह दुर्दशा देखकर भी प्रशासन खामोश है। - मनोज तिवारी

- 1810 करोड़ रुपये गंगा की निर्मलता में अब तक खर्च
- 63 करोड़ से नालों को किया गया है टैप
- 11 नालों को अबतक किया गया है टैप
- 05 नाले अभी भी अनटैप

"अनटैप्ड नालों से शोधन कार्य होता नहीं मिला है। नगर निगम से संबद्ध कंपनी की ओर से लापरवाही बरती जा रही है। हमने नगर निगम को कार्रवाई के लिये लिखकर दिया है।"
- अमित मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

### क्या है बायोरेमिडिएशन

बायोरेमिडिएशन टेक्नोलॉजी में जैविक विधि से नाले के पानी को साफ किया जाता है। इस टेक्नोलॉजी में कुछ ऐसे घास और पौधे होते हैं, जिनकी जड़ों में बैक्टीरिया पैदा होते हैं। बायोरिमेडिएशन टेक्नोलॉजी में केना घास समेत अन्य घास को नालों में लगाया जाता है। इसमें पनपने वाले बैक्टीरिया नालों में बहने वाली गंदगी को खाते हैं, साथ ही सफाई में काफी सहायक हैं। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों (एसटीपी) में भी इस विधि का इस्तमाल किया जाता है। बायोरिमिडियेशन कार्य में 73 लाख रुपये हर साल खर्च हो रहा है।

# गलत बिजली बिल से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**कानपुर।** केस्को ने जब से अपना बिलिंग सिस्टम अपडेट किया है, तब से बिल के संबंधित समस्याएं बढ़ रही है। यह बात केस्को भी अब मानने लगा है। अब उपभोक्ताओं को गलत बिल मिलने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने बताया कि केस्कों के बिलिंग सिस्टम का उच्चीकरण किये जाने के कारण बहुत से उपभोक्ताओं के बिल गलत बन रहे है, जिनको सही करने के लिए केस्को के प्रबंधन व सभी अधिकारियों द्वारा सिस्टम की कमियों को दूर करने और बिल संशोधन के कार्य किये जा रहे हैं। बिलिंग की समस्यों को देखते निर्णय लिया गया है कि अग्रिम आदेशों तक कोई भी संयोजन विच्छेदित नहीं किया जाएगा। यदि किसी उपभोक्ता के मोबाइल या किसी अन्य माध्यम से संयोजन विच्छेदित करने का मैसेज मिलता है तो उससे परेशान ना हो।

# स्टीपलचेज में छवि यादव ने जीता स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर बतौर उप मुख्य टिकट निरीक्षक के पद पर तैनात छवि यादव ने 3000 मीटर की स्टीपलचेज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता मंव प्रयागराज मंडल की खिलाड़ी छवि ने जबरदस्त प्रदर्शन किया।

नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता भुवनेश्वर में आयोजित हुई। जिसमें छवि यादव ने 3000 मीटर की स्टीपलचेज प्रतियोगिता को 10 मिनट 7 सेकेंड में पूरा करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वर्ण पदक जीतने वाली छवि यादव प्रयागराज मंडल में सेंट्रल स्टेशन पर उप मुख्य टिकट निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। छवि की इस उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिमांशु बडोनी सहित अन्य अधिकारियों ने उन्हें बधाई और बेहतर भविष्य की कामना की है। छवि यादव ने इससे पहले जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड रेलवे क्रॉस कंट्री 2022 में स्वर्ण पदक, नेशनल क्रॉस कंट्री 2023 में स्वर्ण पदक, नेपाल में आयोजित एशियन क्रॉस कंट्री 2023 की 10 किमी में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।



पदक विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

# एसडी, डीएवी में प्रवेश शुरू, पीपीएन में तीन कटऑफ

## डिग्री कॉलेजों में ऑनलाइन आवेदन करने से नहीं होगी परेशानी, कॉलेजों में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर भी प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 12वीं के सभी बोर्ड के परीक्षा परिणाम आने के बाद शहर के महाविद्यालयों में प्रवेश की हलचल बढ़ गई है। डिग्री कॉलेजों की ओर से प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कुछ कॉलेज ऐसे हैं जहां पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर प्रवेश हो रहे हैं। पीपीएन कॉलेज इस बार तीन कटऑफ जारी करने जा रहा है। विशेषज्ञों ने बताया कि महाविद्यालयों में जून तक चलने वाले प्रवेशों में युवाओं को कई विकल्प मिल सकेंगे।


डीएवी कॉलेज से निकलती छात्राएं। अमृत विचार

### क्राइस्टचर्च कॉलेज में कटऑफ जरूरी

- क्राइस्टचर्च कॉलेज में स्नातक व परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। कॉलेज में बीए में 360, बीकॉम में 400 व बीएससी (बायो एवं मैथ) में 480 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। इसी तरह महाविद्यालय में एमकॉम में 160 व एमएससी में कुल 134 सीटें व एमए में कुल 420 सीटें निर्धारित हैं। कॉलेज की ओर से बताया गया कि प्रवेश के लिए कॉलेज की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कॉलेज में प्रवेश के लिए बीए, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के लिए इंटरमीडिएट में 60 फीसदी व बीएससी प्रथम सेमेस्टर में 50 फीसदी मेरिट कटऑफ निर्धारित किया गया है।

### अर्मापुर में बीए की 840 सीटें

- अर्मापुर पीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कॉलेज के हिंदी विभाग के प्रो डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि उनके यहां पर बीए में 840 सीटे व बीकॉम में 240 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया मुख्य रूप से होगी। कॉलेज का पहला कटऑफ 15 को निर्धारित किया गया है। कॉलेज की ओर से 3 कटऑफ जारी किए जाएंगे। आखिरी कटऑफ 30 जून को जारी किया जाएगा। कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। आवेदन फीस 300 रुपये रखी गई है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में एमए में हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान में 60 सीटें मौजूद हैं।

### हरसहाय कॉलेज में प्रवेश शुरू

- हरसहाय पीजी कॉलेज में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कॉलेज में 30 जून तक अंतिम प्रवेश लिए जाएंगे। कॉलेज में पहले आओ पहले पाओं के आधार पर प्रवेश लिए जा रहे हैं। प्रवेश के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए 250 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। कॉलेज के प्रो सुदेश श्रीवास्तव ने बताया कि उनके यहां पर मुख्य रूप से बीकॉम में 240 व बीएससी में 420 सीटों पर प्रवेश लिए जा रहे हैं।

### केवीएम में एडमिशन शुरू

- स्वरूप नगर स्थित कानपुर विद्या मंदिर पीजी महिला महाविद्यालय में मई से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कॉलेज की मीडिया प्रभारी डॉ. पूर्णिमा शुक्ला ने बताया कि कॉलेज में बीए की 360, बीकॉम की 240 व बीएससी की 240 सीटों पर मुख्य रूप से प्रवेश की मारामारी है। इसके अलावा एमए एजुकेशन 60 व एमए संस्कृत की 60 सीटों पर भी प्रवेश लिए जा रहे हैं। पोर्टल शुल्क 300 रुपये निर्धारित है। कॉलेज में 30 जून तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी।

### पीपीएन में 3 जून से प्रवेश

- पीपीएन डिग्री कॉलेज में 3 जून से प्रवेश शुरू होंगे। कॉलेज में बीए में 350, बीकॉम में 300 व बीएससी में 350 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। इसके लिए युवाओं को ऑनलाइन आवेदन आवेदन करना होगा। पोर्टल के लिए 350 रुपये शुल्क रखा गया है। पोर्टल पर ही युवाओं को प्रवेश संबंधी सभी जानकारियां हासिल हो सकेंगी। कॉलेज के प्रचार्य डॉ. अनुप कुमार सिंह ने बताया कि कॉलेज में प्रवेश के लिए सबसे अधिक मारामारी होती है। इसलिए कॉलेज की ओर से तीन कटऑफ लिस्ट निकाली जाएगी। कॉलेज की ओर से निर्धारित कटऑफ के आधार पर ही प्रवेश लिए जाएंगे।

### डीएवी में सबसे ज्यादा सीटें

- शहर में डीएवी कॉलेज में सबसे अधिक सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। कॉलेज में बीए में 1280, बीकॉम में 1280 व बीएससी में 2500 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। कॉलेज में पोर्टल फीस 350 रुपये रखी गई है। प्रवेश फॉर्म की फीस 300 रुपये हैं। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दीक्षित ने बताया कि कॉलेज में 40 फीसदी कटऑफ निर्धारित किया गया है। कॉलेज में पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर प्रवेश लिए जा रहे हैं। युवाओं को कॉलेज में प्रवेश के लिए दौड़भाग नहीं करनी होगी।

### वीएसएसडी में जून तक प्रवेश

- नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया जून तक चलेगी। प्राचार्य डॉ. विपिन चंद्र कौशिक ने बताया कि कॉलेज में मई से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। यहां पर बीकॉम में 400, बीए में 600 व बीएससी सीटों पर प्रमुख रूप से प्रवेश की मारामारी होगी। कॉलेज की ओर से पोर्टल पंजीकरण शुल्क 150 रुपये तय किया गया है। 12वीं पास युवाओं को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। जून तक कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया चलती रहेगी।

# 42.6 पहुंचा तापमान, 21 तक हीटवेव का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- मौसम विभाग ने आंधी आने की जताई आशंका

**अमृत विचार।** शहर में शुक्रवार को अधिकतम पारा 42.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विभाग ने तेज आंधी और 21 मई तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। दिन के तापमान में सामान्य से 2 से तीन डिग्री सेल्सियस तक की अधिकता की संभावना जताई है।

शहर में शुक्रवार को भी तपती गर्मी ने लोगों को परेशान किया। तेज गर्म हवा और तीखी धूप रही। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि 21 मई तक शहर के तापमान में और बढोतरी हो सकती है। हीट वेव के आसार हैं। इस बीच तेज आंधी से कुछ समय के लिए मौसम सामान्य हो सकता है। दिन का तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने के आसार दिखाई पड़ रहे हैं।

विशेषज्ञों ने बताया कि हीट वेव किसी को भी अपनी चपेट में ले सकती है, लेकिन जिनकी इम्युनिटी कमजोर है उन्हें खास सतर्कता बरतने की जरूरत है। खासतौर पर बुजुर्ग, बच्चे, बीमार को विशेष रूप से सावधानी बरतनी चाहिए। गर्भवती महिलाएं, मजदूर ,किसान जो लोग फील्ड वर्क करते हैं, उनको भी हीट वेव के दौरान विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। उचित मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। यदि धूप में निकल रहे हैं तो पूरी आस्तीन के कपड़ों को पहनना चाहिए। सिर को ढककर रखना चाहिए। बीच-बीच में पानी पीते रहना चाहिए।

# मुफ्तखोरी में चार पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फ्री का नारियल पानी न पिलाने पर टार्चर किया था
- एसीपी (डायल 112) ने जांच में चारों को पाया दोषी

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में फ्री का नारियल पानी न पिलाने और टार्चर करने पर एसीपी की जांच में दोषी मिले महिला सिपाही समेत चारों पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पीड़ित ने डीसीपी दक्षिण से मदद की गुहार लगाई थी। पीड़ित ने शुक्रवार को कार्रवाई न होने पर आत्महत्या कर लेने की चेतावनी दी थी।


शिकायत करने पहुंचा चंद्र कुमार। अमृत विचार

कोयला नगर शिवपुरम निवासी चंद्र कुमार प्रजापित कच्चे नारियल का व्यापार करते हैं। गोपालनगर स्थित पूजा स्वीट हाउस के सामने रोजाना नारियल लदा ट्रक उतरता है। वहीं पर पास में पीआरवी गाड़ी भी खड़ी होती है। चंद्र कुमार के अनुसार पीआरवी गाड़ी में चलने वाले दीवान रत्नेश कुमार, आनंद कुमार, सिपाही सौरभ स्वामी और महिला सिपाही नीतू करीब दो माह से रोजाना चार नारियल पानी मुफ्त में ले जाते हैं। बुधवार दोपहर को भी जब ट्रक से नारियल उतारा जा रहा था तो पुलिस कर्मी आए पांच नारियल मांगने लगे। साथ ही बोले कि रोजाना एक हजार रुपये भी दिया करो। मना करने पर सभी ने गाली गालौज शुरू कर दी। सड़क पर ट्रक खड़ा होने की बात कहकर दबाव बनाने लगे। चंद्र कुमार के अनुसार उसने मोबाइल से वीडियो बनाने की कोशिश की तो पुलिस वालों ने उसे गिराकर मारना पीटना शुरू कर दिया।

इसके बाद उसे पीआरवी गाड़ी में बैठाकर पीटते हुए नौबस्ता थाने ले गए। थाने के ऊपर बने कमरे में उसे टार्चर किया गया। पुलिस वालों ने मारपीट करने के जो वीडियो उसने बनाए थे उसे मोबाइल छीन कर डिलीट कर दिया। साथ ही सादे कागज में हस्ताक्षर कराकर दबाव बनाते हुए उसका वीडियो भी बनवाया। बाद में घर से दो हजार रुपये मंगवाए तब जाकर उसे छोड़ा था। इस प्रकरण की जांच कर रहे एसीपी शिखर ने बताया कि प्राथमिक जांच में चारों सिपाही दोषी मिले हैं। उनको लाइन हाजिर कर दिया गया है, साथ ही सभी के खिलाफ प्राथमिक जांच की संस्तुति की गई है।

# टेनरी कंपाउंड के गोदाम में लगी भीषण आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में स्थित टेनरी कंपाउंड के गोदाम में भीषण आग लग गई। आसपास के लोगों की सूचना पर जब तक कर्मचारी पहुंचते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान मिनी कंट्रोल रूम में आग लगने की सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लाखों का नुकसान बताया जा रहा है, लेकिन आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

शुक्रवार सुबह टेनरी कंपाउंड में 7.28 पर नूर एंटरप्राइजेज के कुर्सी और मेज के गोदाम में भीषण आग लग गई। सूचना पर कर्नलगंज, फजलगंज और मीरपुर से कुल तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत से एक घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं चकेरी के पुराने एयरपोर्ट के पास जंगल की झाड़ियों में आग लग गई। आग की लपटें और धुआं उठता देखकर इलाकाई लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद जाजमऊ फायर स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उधर पनकी के साइट-तीन स्थित गुडरिच इंडस्ट्रीज रबर फैक्ट्री में शुक्रवार दोपहर जनरेटर में आग लग गई। आज देखते ही देखते फैक्ट्री में फैलने लगी तो कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। पनकी और फजलगंज फायर स्टेशन से पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।


मेट्रो वालों से विरोध जताते पार्षद पति। अमृत विचार

# जुही में पेयजल लाइन से जा रहा था सीवर का पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जुही गढ़ा व बम्बुरहिया में टूटी पेयजल लाइन से सीवर का पानी सप्लाई हो रहा था। गुरुवार को मेट्रो ने खोदाई की तो मामला सामने आया, जिसके बाद मेट्रो की कंपनी सेम इंडिया ने आनन-फानन में टूटी पेयजल लाइन को जोड़ दिया। क्षेत्रीय पार्षद के विरोध के बाद मौके पर पहुंचे मेट्रो और जलकल के अधिकारियों ने कंपनी को फटकार लगाई और जल्द मानक के अनुसार सीवर व पेयजल लाइनों को निश्चित दूरी पर करने के निर्देश दिये। क्षेत्रीय पार्षद शालू कनौजिया ने कहा कि सीवर चैंबर के ऊपर ही पेजयल लाइन को डाल दिया गया, कंपनी ने टूटी पेयजल लाइन को खुला छोड़ दिया जिससे सीवर का पानी पेयजल लाइन से जा रहा था।


टूटी पड़ी लाइनें।

### आस-पास ही डाल दीं दोनों लाइनें

यहां सीवर चैंबर के पास ही पेयजल और सीवर लाइन डाली गई है। जो नियमता गलत है। जलकल के अधिशासी अभियंता विकास शर्मा ने पेयजल व सीवर लाइनों को अलग अलग मानक की दूरी पर डालने के निर्देश मैट्रो के अधिकारियों को दिये हैं। इसके साथ ही सेम इंडिया पर आवश्यक कार्रवाई का पत्र भी उच्चाधिकारियों के लिखने के लिए कहा है।

जुही गढ़ा व बम्बुरहिया में पिछले आठ माह से गंदे पानी की सप्लाई हो रही थी। पूर्व पार्षद सुनील कनौजिया ने बताया कि स्वदेशी काटन मिल के सामने खुदाई की गई तो मेट्रो की लापरवाही सामने गई। सीवर चैंबर के बीच में ही मैट्रो ने पेयजल लाइन डाल दी, लेकिन बिना मरम्मत के ही छोड़ दिया गया। गड्ढा खुदने के बाद जब सीवर चैम्बर के बीचों-बीच टूटी पाइप लाइन दिखी तो मैट्रो ने आनन-फानन में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत कर दी। इसके बाद पूर्व पार्षद ने अधिकारीयों और कार्य कर रही फर्म सेम इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर सिद्धार्थ को बुलाकर निरीक्षण कराया। इसके बाद गड़बड़ी दूर करने का काम शुरू हुआ।

# डेंगू पर शोध के बाद डॉ. दीपिका ने लिखी किताब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लड़कियां अब नए आयाम लिख रहीं हैं। बस लक्ष्य और अपनी क्षमता निर्धारित होनी चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डॉ. दीपिका शुक्ला ने इंट्रोडक्शन ऑफ ए माइक्रोबायोलॉजी विषय पर अपनी पहली किताब का अनावरण किया। माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर व डेंगू विषय पर पीएचडी कर चुकीं डॉ. दीपिका की किताब ने शिक्षा जगत में धाक जमाई है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों को दिया है।


डॉ. दीपिका।

महाराणा प्रताप डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर व डेंगू विषय पर पीएचडी (शोध) कर चुकीं डॉ. दीपिका ने गुरुवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर इंट्रोडक्शन ऑफ ए माइक्रोबायोलॉजी विषय पर अपनी पहली पुस्तक का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि उनकी विशेष उपलब्धि में पीएचडी एचओडी और पीएचडी छात्रों ने अहम भूमिका निभाई है। अपनी उपलब्धि पर खुशी जताते हुए डॉ. दीपका ने बताया कि मेरी सफलता में मेरी मां का हाथ है। जिन्होंने हर कदम पर साथ दिया है। भाई और बड़ी बहन डॉ. मधुलिका शुक्ला ने हर समय हौसला बढ़ाया।

# सिपाही की छेड़खानी से तंग आकर खाया जहर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- बाबूपुरवा थानाक्षेत्र का मामला सिपाही और उसके भाई पर लगाया आरोप
- पुलिस ने मकान का बताया विवाद, सिपाही समेत उसके भाइयों पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** दक्षिण जोन के बाबूपुरवा थानाक्षेत्र से शुक्रवार देर शाम एक घटना सामने आई है, जहां सिपाही और उसके भाई की छेड़खानी से तंग आकर बगाही निवासी युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर भागे, जहां युवती का हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर युवती और सिपाही के बीच मकान का विवाद बताया। फिलहाल तहरीर के आधार पर सिपाही समेत उसके भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं घटना के बाद सिपाही और उसके भाई घटना को अंजाम देकर फरार हो गए हैं। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।



बगाही नयापुरवा निवासी 20 वर्षीय युवती अपने पिता के साथ रहती है। तीन वर्ष पूर्व मां का निधन हो चुका है। युवती की बड़ी बहन ने पुलिस से आरोप लगाया कि पड़ोसी अंकित खुद को पुलिस में बताता है, और जालौन में सीओ का पेशकार है। उसके दो भाई अमन और काकू, छोटी बहन से पिछले चार माह से छेड़छाड़ कर रहे थे। घर से निकलते या कहीं आते जाते समय अभद्र टिप्पड़ी करते थे। इस बात की शिकायत करने के लिए बुधवार को जब सिपाही के घर उनके पिता उदयभान के पास गई तो तीनों भाइयों और पिता ने मिलकर दोनों बहनों को जमकर पीटा। आरोप लगाया कि सिपाही ने कहा कि वह जालौन सीओ का पेशकार है, उसका कोई कुछ नहीं कर पाएगा। बाबूपुरवा थाने में सुनवाई न होने पर गुरुवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंच कर गुहार लगाई। शुक्रवार को वह एक बार फिर थाने पहुंची, फिर बगाही चौकी गई, जहां चौकी इंचार्ज ने अभद्रता करते हुए उल्टा उसके खिलाफ ही मुकदमा लिखने की धमकी दे डाली। जिससे आहत होकर युवती ने घर आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर आनन-फानन परिजन उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल होने के बाद एडीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा, एसीपी बाबूपुरवा अमरनाथ यादव अस्पताल पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली। फिलहाल युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है।

> युवती और उसका परिवार कई वर्षों से किराए पर रह रहे हैं, जिसको लेकर मकान मालिक से विवाद है, हालांकि युवती ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है, जिसके बाद तहरीर के आधार पर सिपाही अंकित व उसके भाइयों के खिलाफ छेड़खानी, धमकाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। युवती द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।
>
> –अंकित शर्मा, एडीसीपी दक्षिण

अपने-अपने दावे | बिठूर में 6 .18 तो रनिया में 5 .35 प्रतिशत ज्यादा वोट पड़े हैं

# बिठूर और रनिया के मतदान पर माथापच्ची

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की बिठूर और रनिया विधानसभा में ज्यादा वोट पड़ने को लेकर भाजपा और सपा नेता अपने-अपने पक्ष में हुआ मतदान मान रहे हैं। चुनाव आयोग के अनुसार अकबरपुर सीट पर 57.78 प्रतिशत मतदान हुआ है। लेकिन विधान सभावार मत प्रतिशत के आंकड़ों के हिसाब से बिठूर 63.90 प्रतिशत के साथ लोकसभा क्षेत्र में सबसे आगे है, दूसरे नंबर पर 62.55 प्रतिशत के साथ रनिया है। इस तरह बिठूर में 6.18 तो रनिया में 5.35 प्रतिशत ज्यादा वोट पड़े हैं। इन दोनों विधानसभा से भाजपा के विधायक हैं। रनिया से प्रतिभा शुक्ला और बिठूर से अभिजीत सांगा विधायक है। चुनाव प्रचार की शुरूआत इन दोनों की भाजपा सांसद और तीसरी बार चुनाव लड़ रहे देवेंद्र सिंह भोले से दूरी बनाने की खबरें सामने आई थीं। हालांकि बाद में दोनों विधायकों ने भोले के समर्थन में वोट मांगे थे। इस आधार पर भाजपा इन दोनों विधान सभा क्षेत्रों में हुए ज्यादा मतदान को विधायक प्रतिभा शुक्ला और अभिजीत सांगा के विशेष प्रयासों का प्रतिफल मान रही है, जबकि सपा खेमे में गणित लगाया जा रहा है कि बिठूर और रनिया में भाजपा प्रत्याशी से नाराजगी के कारण ज्यादा मतदान हुआ है। अकबरपुर सीट पर सबसे कम वोट कल्याणपुर विधानसभा में 49.67 प्रतिशत पड़े हैं।


देवेंद्र सिंह भोले।


राजाराम पाल।


राजेश द्विवेदी।

भाजपा के मोदी मैजिक दावे को कठघरे में खड़ा करते हुए सपा नेता सवाल कर रहे हैं कि अगर मोदी मैजिक है तो शहरी क्षेत्र कल्याणपुर विधानसभा मतदान में सबसे पीछे क्यों रहा। जबकि यहां की भाजपा विधायक पूर्व मंत्री रही हैं। बिठूर में कुल 3,73,811 मतदाता है। जिसमें 1,34,583 पुरुष व 1,04279 महिला समेत 2,38,865 मतदाताओं ने मताधिकार किया है। वहीं रनिया में 3,33,656 मतदाताओं में 1,15,819 पुरुष और 92,883 महिला मतदाताओं समेत 2,08,707 वोट पड़े हैं। बिठूर में महिला वोटरों का आंकड़ा भी एक लाख के पार रहा है। रनिया में भी महिलाओं ने 92 हजार से ज्यादा महिलाओं ने वोट डाले हैं।

# गंगापुल से छलांग लगाने पहुंची महिला बचाई गई

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में पारिवारिक विवाद में शुक्रवार शाम एक महिला गंगापुल से छलांग लगाने पहुंची। राहगीरों ने उसे बचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला से पूछताछ कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि अहिरवां के राजा मार्किट निवासी राजेन्द्र प्रसाद अग्निहोत्री की 58 वर्षीय पत्नी सुधा अग्निहोत्री छलांग लगाने जा रही थीं कि राहगीरों ने पकड़ लिया। महिला कुछ मानसिक अस्वस्थ है। साथ ही बेटे को लेकर पति से विवाद होता है। जिस कारण से वह आत्महत्या करने पहुंची थी।



# हैलट औषधि केंद्र में बेचीं बाहर की दवाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल की ओपीडी में स्थित जन औषधि में जेनरिक के साथ बाहर की दवाओं की भी बिक्री की जा रही है, जिसका खुलासा तब हुआ जब हैलट के प्रमुख अधीक्षक ने केंद्र में छापा मारा। पकड़े जाने के डर से बाहर की दवाओं के बिल भी मरीज या तीमारदारों को नहीं दिया जा रहा था।

हैलट अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन दो से तीन हजार मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। कभी-कभी मरीजों की संख्या तीन हजार से अधिक भी पहुंच जाती है। ओपीडी के बगल में ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोला गया है। इसका मुख्य उद्देश्य मरीजों को कम रुपये में जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है। लेकिन बाहर की दवा कंपनी से सांठगांठ कर इस केंद्र में मरीजों को बाहर की दवाएं बेची जा रही थीं। सूचना पर शुक्रवार को हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने अचानक जन औषधि केंद्र में छापा मारा तो केंद्र में मौजूद कर्मचारियों के पसीने छूट गए।


जन औषधि केंद्र के कर्मचारी को निर्देश देते प्रमुख अधीक्षक डॉ .आरके सिंह।

- प्रमुख अधीक्षक ने मारा छापा बिल भी नहीं दिया जा रहा

जांच में पता चला कि बाहर की दवा देने के साथ मरीज या तीमारदारों को बिल भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था। यह देख अधीक्षक ने कर्मचारियों को फटकार लगाई। प्रमुख अधीक्षक डॉक्टर आरके सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से जन औषधि केंद्र की शिकायत आ रही थी। छापेमारी में पता चला कि जन औषधि केंद्र का संचालक किसी को भी बिल नहीं दे रहा था, इसको लेकर सख्त हिदायत दी गई है। चेतावनी दी गई कि बाहर की दवा इस काउंटर से न बेची जाएं। जो दवा उपलब्ध है, उन दवाओं की लिस्ट तत्काल तैयार चस्पा करने के निर्देश दिए। अगर दोबारा खामियां मिलीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक ने छात्र को बेरहमी से पीटा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गुरुप्रसाद गयाप्रसाद इंटर कॉलेज नौरंगा में कक्षा सात में पढ़ने वाले छात्र के परीक्षा में कम अंक लाने पर शिक्षक ने बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे छात्र को गंभीर चोटें आई हैं। छात्र की पिटाई से आक्रोशित परिजनों ने विद्यालय पहुंचकर हंगामा काटा।

तहसील क्षेत्र के गुरुप्रसाद गयाप्रसाद इंटर कॉलेज नौरंगा में परास निवासी नरेंद्र तिवारी का पुत्र रौनक कक्षा सात का छात्र है। गुरुवार को वह स्कूल पढ़ने गया था। आरोप है कि परीक्षा में कम अंक आने पर विद्यालय के शिक्षक शिवशंकर सचान ने रौनक की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घर लौटने पर मुंह से खून और शरीर में चोटें देखकर परिजन आक्रोशित हो गए।



चोट दिखाता छात्र रौनक। अमृत विचार

परिवार के लोग शुक्रवार की सुबह विद्यालय पहुंचे और हंगामा काटना शुरू कर दिया। आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग को लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य वेदप्रकाश द्विवेदी से नोकझोक हो गई। छात्र रौनक ने बताया कि शिक्षक शिवशंकर सचान संस्कृत विषय पढ़ाते हैं। संस्कृत विषय में कम अंक आने पर उन्होंने डंडे से पिटाई की, जिससे उसके मुंह और पीठ में गंभीर चोटें हैं।

### कॉलेज में हंगामा

- नौरंगा के गुरुप्रसाद गयाप्रसाद इंटर कॉलेज का मामला
- संस्कृत विषय में अंक कम आने पर की गई पिटाई

#### घाटमपुर पुलिस तक पहुंचा पूरा मामला

छात्र रौनक ने अपने पिता नरेंद्र तिवारी और परिवार वालों के साथ घाटमपुर थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत की है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि शिकायत मिली है। जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

#### आरोपी शिक्षक को कॉलेज से हटाया गया

वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश दुबे ने बताया कि शिक्षक शिवशंकर सचान को आंखों से कम दिखाई देता है। उनकी उम्र 70 वर्ष है। घटना के बाद उनको हटा दिया गया है। छात्र के परिजनों ने गलत तरीके से हंगामा काटा है और अभद्रता की है।

#### डीआईओएस ने दिए जांच के आदेश

जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि छात्र की पिटाई के मामले की जानकारी मिली है। एक कमेटी गठित कर पूरे मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच राजकीय कन्या इंटर कॉलेज घाटमपुर की प्रधानाचार्या अंजू सिंह को सौंपी गई है।

## बाइक की टक्कर से छात्रा की मौत

**बिधनू।** शम्भुआ के पास शुक्रवार की हाईवे पर बाइक की टक्कर से कक्षा पांच की छात्रा की मौत हो गई।

शम्भुआ निवासी विजय शंकर वर्मा की 12 वर्षीय सबसे छोटी बेटी मंजू कक्षा पांच की छात्रा थी। मंजू से दो बड़ी बहन छाया और संजना हैं। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार शाम मंजू चौराहे की दुकान से सामान लेने गई थी। लौटते समय मोड़ पर पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी और भाग निकला। हादसे में मंजू गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने मंजू को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत से मां ऊषा बेहोश होकर गिर पड़ी। थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



घाटमपुर कस्बे में जनता स्कूल के पास युवक को गिराकर पिटाई करते लोग। अमृत विचार

# युवक को सड़क पर गिराकर पीटा

संवाददाता, घाटमपुर

- जनता स्कूल के पास मारपीट का वीडियो हुआ वायरल
- पुलिस ने मामले का लिया संज्ञान, जांच शुरू हुई

**अमृत विचार।** कस्बे के मूसानगर रोड स्थित जनता स्कूल के पास कुछ युवकों ने एक युवक को लात-घूसों से जमकर पीटा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि युवकों में पहले कहासुनी हुई। इसके बाद दो युवकों ने एक युवक को जमीन पर गिराकर लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। बेखौफ युवक मारपीट के दौरान पुलिस को बुलाने की बात कर रहे हैं। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# दो साल गुजरे, नहीं संवर सका अमृत सरोवर

## हरबसपुर में पक्का चबूतरा बनाने के बाद एक इंच नहीं बढ़ा काम, गर्मी में पानी की जरूरत, मगर एक बूंद पानी नहीं

ज्ञानप्रकाश त्रिवेदी, बिधनू


**अमृत विचारः** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना का हाल बुरा है। दो साल गुजरने के बाद भी अमृत सरोवर संवर नहीं सके हैं। इसकी बानगी देखनी है तो बिधनू विकास खंड के हरबसपुर गांव के अमृत सरोवर की हालत देखिए, जहां पिछले साल पक्का चबूतरा बनाने के बाद एक इंच काम आगे नहीं बढ़ा है। यह अमृत सरोवर खेल का मैदान बना है।

हरबसपुर में मई 2022 के के अंतिम हफ्ते में अमृत सरोवर की खोदाई शुरू हुई थी। स्वतंत्रता दिवस तक अमृत सरोवर का काम पूरा करने के साथ ही झंडारोहण करने के निर्देश थे, जिस पर सचिव और ग्राम प्रधान ने मिट्टी के ढेर पर पक्का चबूतरा बनाकर झंडारोहण किया और उसकी तस्वीरें अधिकारियों को भेज दी थीं। यह चबूतरा भी छह महीने में ही ढह गया। उसके बाद अमृत सरोवर का एक प्रतिशत भी काम आगे नहीं बढ़ा, बल्कि बुलडोजर से रात में खोदाई कराकर डंपरों के जरिये लाखों रुपये की मिट्टी बेच दी गई। अमृत सरोवर के लिए स्वीकृत हुई धनराशि के साथ तालाब की मिट्टी बेचकर लाखों रुपये जेब में चले गए और अभी तक गांव वालों को अमृत सरोवर का कोई लाभ नहीं मिल सका।

#### बिधनू ब्लाक में बनने थे कुल 10 अमृत सरोवर

बिधनू विकास खंड क्षेत्र में प्रथम चरण में कुल दस अमृत सरोवर तैयार करने को मंजूरी मिली थी। इनमें सात अमृत सरोवरों के निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों और तीन की जिम्मेदारी जिला पंचायत को दी गई थी। हरबसपुर ग्राम पंचायत में गाटा संख्या 175 की 0.6 हेक्टेयर जमीन अमृत सरोवर के लिए चिह्नित की गई थी, जिसके निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी गई थी, लेकिन कुछ काम नहीं हुआ।

**34.21** लाख रुपये स्वीकृत हुए | **2022** मई में हुई थी शुरुआत | **0.6** हेक्टेयर क्षेत्र में बनना था सरोवर



हरबसपुर के अमृत सरोवर में गांव के बच्चों ने बना रखी है क्रिकेट की पिच। अमृत विचार

#### न पाथवे बना, न ही पौधरोपण हुआ

मानक के अनुसार सरोवर के चारों ओर पक्की दीवारें, पानी लाने और निकालने के लिए सीमेंटेड पाइप लाइन, चारों ओर पाथवे बनाकर पौधरोपण का किया जाना था। पाथवे पर लोगों के बैठने के लिए बेंच बनाई जानी थी, लेकिन अमृत सरोवर का एक प्रतिशत काम आगे नहीं बढ़ा, बल्कि बारिश के दौरान आधी-अधूरी खोदाई की मिट्टी बहकर फिर से तालाब में चली गई। पक्के काम के रूप में मिट्टी के ढेर पर पर बनाया गया चबूतरा भी ढह गया है, जिस पर अगले स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण भी हो पाना मुश्किल है।

#### 80 मीटर लंबा सरोवर

अमृत सरोवर की लंबाई 80 मीटर और चौड़ाई 40 मीटर तय की गई थी। सात मीटर गहरे इस सरोवर को सजाने-संवारने के लिए 34.21 लाख रुपये का बजट प्रस्तावित हुआ था। 8 मई 2022 से खोदाई का काम शुरू हो गया था। ग्राम पंचायत सचिव नैंसी शुक्ला और ग्राम प्रधान पूजा यादव ने आधी-अधूरी खोदाई कराकर कच्चे तालाब में ही पानी भरा दिया था। गीली मिट्टी के ढेर पर पक्का चबूतरा बनाकर स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण कर अधिकारियों को तस्वीरें भेज दी थीं।

# छात्राओं को शिक्षा के साथ ब्यूटी के टिप्स

संवाददाता, घाटमपुर

### बनेंगी हुनरमंद

- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बदला माहौल
- कौशल विकास योजना के तहत दी जाती ट्रेनिंग

**अमृत विचारः** घाटमपुर कस्बा स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शिक्षकों की ओर से जहां छात्राओं को अच्छी शिक्षा दी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ कौशल विकास योजना के तहत ब्यूटी और वेलनेस की ट्रेनिंग देकर उन्हें हुनरमंद बनाया जा रहा है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं द्वारा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया गया है। छात्राओं में शिक्षा के प्रति गहरी रुचि दिख रही है। सरकार की ओर से विद्यालय को निजी विद्यालय के जैसे स्मार्ट क्लास रूम, लाइब्रेरी, मल्टी परपज हाल आदि की सुविधाएं दी गई हैं।

प्रधानाचार्या अंजू सिंह का कहना है कि कॉलेज में सुविधाएं बढ़ने से छात्राओं की पढ़ाई में रुचि और बढ़ी है। छठवीं से आठवीं कक्षा तक की छात्राओं को नि :शुल्क शिक्षा, यूनिफ़ार्म, बुक्स के साथ ही मध्याह्न भोजन भी दिया जाता है। विद्यालय का एक ही उद्देश्य है कि क्षेत्र की कोई भी बालिका अशिक्षित न रहे। उन्होंने कहा कि छात्राओं की रुचि को देखते हुए ब्यूटी और वेलनेस के टिप्स दिए जा रहे हैं, ताकि वह व्यवसायिक हुनर सीख सकें और अपना कॅरियर संवार सकें।



# शीतगृह में किसान की मौत, हंगामा

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचारः** बर्राजपुर में शिवली रोड पर भैंसऊ गांव के पास स्थित आलू शीतगृह में किसान अचानक जमीन पर गिर पड़ा। शीतगृह में मौजूद लोगों ने फौरन उसे लेकर शिवराजपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों व गांव वालों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए शीतगृह में हंगामा काटा। पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



राकेश पांडेय।

क्षेत्र के गौरी गांव निवासी राकेश पांडेय उर्फ लाला (45) पुत्र राजेंद्र कुमार पांडेय आलू चालानी के काम में मुनीम का काम करते थे। वह शुक्रवार को शिवली रोड स्थित नीरज कोल्ड स्टोर में ट्रक लोड करवा रहे थे। दोपहर में अचानक वह गिर पड़े। वहां मौजूद लोगों ने फौरन उन्हें शिवराजपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में किसान को मृत घोषित किए जाते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया।

मौत के बाद परिजन शव लेकर कोल्ड स्टोर पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस पहुंची और उन्हें समझा-बुझाकर किसी तरह शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवराजपुर थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि अभी परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



शीतगृह में गांव वालों की जुटी भीड़ और पुलिस। अमृत विचार

- परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगा किया हंगामा
- पुलिस ने समझा-बुझाकर शव विच्छेदन को भेजा

# भाजपा के दोनों गुटों की ओर से क्रॉस एफआईआर दर्ज

### फॉलोअप

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** गुरुवार की देर रात एक ढाबे पर भाजपा के दो गुटों के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के बीच हुई मारपीट और हंगामे के मामले में दोनों पक्षों की ओर से गंभीर धाराओं में एफआईआर पंजीकृत कर ली गई है। इस मामले को लेकर सांसद बनाम विधायक की लड़ाई तेज हो गई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गुरुवार की देर रात नगर पालिका परिषद बिल्हौर में भाजपा के नामित सभासद आशीष कुमार और इंदु शुक्ला की तहरीर पर भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव संयोजक जेपी कटियार, विक्रम मिश्रा सहित 10 लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जांच शुरू

- इस मामले को लेकर सांसद बनाम विधायक की लड़ाई तेज
- दोनों गुटों के समर्थकों में गुस्सा पुलिस जांच में जुटी

तहरीर में इंदु शुक्ला ने बताया है कि वह गुरुवार की रात 9:30 बजे होटल में खाना खा रहे थे, तभी वहां पहुंचे जेपी कटिहार ने अपने साथियों के साथ उन पर हमला बोल दिया। इस दौरान उनके साथ मौके पर मौजूद कुश अग्निहोत्री ने जब बीचबचाव का प्रयास किया तो उनको भी जान से मारने की धमकी दी गई और फिर सभी लोग वहां से भाग निकले। वहीं दूसरे पक्ष से आशीष शुक्ला के साथ चार-पांच अज्ञात युवाओं को के विरुद्ध भी मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मारपीट के साथ हरिजन एक्ट और गालीगलौज का मामला दर्ज किया गया है ।

#### कुल 17 लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

इस मामले में सभासद इंदु शुक्ला की तहरीर के आधार पर जेपी कटियार, विक्रम मिश्रा, उमेश कटियार रामू, अमन वर्मा, रिंकू कटियार, अंकित वर्मा, मनीष कटियार, शिवम कटियार, अर्जुन दिवाकर, राहुल कटियार और चार-पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध गंभीर मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उधर, दूसरे पक्ष से सिंकू कोरी की तहरीर पर इन्दू शुक्ला, कुश अग्निहोत्री, आशीष शुक्ला, गौतम तिवारी, सुमित कटियार, पूरन गुप्ता, नरेंद्र उर्फ नवले मिश्रा, बोनी ठाकुर व दो अज्ञात युवकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। इस एफआईआर में अनुसूचित जाति एक्ट भी दर्ज किया गया है। अभी तक इस मामले में कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

#### हवाई फायरिंग और कार के शीशे तोड़े

दूसरे पक्ष के सिंकू कोरी की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया है कि गुरुवार की रात लगभग 9 :00 बजे वह ढाबे में खाना खाने गया था। वहां पहले से मौजूद इन्दु शुक्ला उसे देखते ही गालीगलौज करने लगा और गिलास फेंककर मार दिया। इसके बाद ही विवाद बढ़ गया। सिंकू कोरी की ओर से यह भी बताया गया है कि मारपीट करने के बाद रिंकू कटियार के घर पर धावा बोलकर इंदु शुक्ला गुट ने हवाई फायरिंग की और स्कॉर्पियो गाड़ी के शीशे तोड़ डाले।

#### दबिश जारी, जल्द होगी गिरफ्तारीः डीसीपी

गुरुवार देर रात घटना के बाद डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने कोतवाली पहुंचकर मामले की विस्तार से जानकारी ली और टीम बनाकर जल्द ही गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इससे पहले शुक्रवार को ककवन, शिवराजपुर, अरौल थाने का फोर्स मौजूद रहा। वहीं इस मामले में किसी भी भाजपा के पदाधिकारी ने टिप्पणी करने से इंकार किया। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा के आने की चर्चा रही, लेकिन उनका कार्यक्रम रद हो गया।

#### सभी 17 आरोपी पाबंद किए गए

एसीपी बिल्हौर अजय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि फील्ड यूनिट ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। घटना में शामिल सभी 17 लोगों को 107/16 में पाबंद किया गया है। घटना के सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। घटनाक्रम में जो भी दोषी है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीजल डाल आग लगाई, हैलट रेफर

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के अजौली गांव में पारिवारिक कलह के चलते युवक ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। इसके बाद शोर मचाते हुए घर से बाहर भागा। परिजनों ने कंबल डाल आग बुझाई और सीएचसी पहुंचाया। यहां से हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया।

अजौली निवासी प्रियांशु सविता (22) पुत्र रामपाल सविता का नशेबाजी को लेकर अक्सर घर में विवाद होता था। उसी को लेकर घर में तनाव की स्थिति बनी रहती थी। नशेबाजी को लेकर शुक्रवार को फिर विवाद हुआ। इसके बाद प्रियांशु ने कमरे में रखी डीजल की कैन अपने ऊपर डालकर आग लगा ली। आग लगने के बाद वह बचाओ, बचाओ चिल्लाते हुए घर के बाहर भागा। परिजनों ने कंबल डालकर आग बुझाई और सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया।

**लापरवाही** निर्माण में देरी से जादेपुर के ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

# दो साल में भी नहीं बनी पानी टंकी

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचारः** जादेपुर में लगभग दो वर्ष से निर्माणाधीन पेयजल आपूर्ति के लिए डेढ़ लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी अभी तक बनकर तैयार नहीं हो सकी है। वहीं, कार्यदायी संस्था के पाइप लाइन बिछाने से तीनों गांवों की सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। ऐसे में क्षतिग्रस्त सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। टूटी सड़कों में आए दिन हादसे भी हो रहे हैं इससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

ग्राम प्रधान सीमा शुक्ला, श्रवण शुक्ला, श्याम शंकर दीक्षित, राम कुमार पाल, सुशील तिवारी, प्रभु दयाल कुरील आदि ने बताया कि पानी की टंकी दो साल से बन रही, अभी तक काम पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य पूरा न होने और गाव में पेयजल आपूर्ति के लिए डाली गई पाइप लाइनों से गावों की सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

ठेकेदार द्वारा मानक विहिन सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। यदि ठेकेदार द्वारा सुधार नहीं किया गया तो मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। सभी गांव वालों में खासा आक्रोश है। उधर, जल निगम के जेई ने बताया कि तीनों गावों में पानी की टंकी की लाइन जोड़ कर आपूर्ति शुरू कर गावों में बिछाई गई पाइपलाइन के लीकेज का परीक्षण करने के बाद सड़कों को ठीक करा दिया जाएगा।



टंकी के लिए अभी तक पिलर भी तैयार नहीं हो सके। अमृत विचार

## पतारा कस्बे में दो जगह लगी आग

**घाटमपुर।** पतारा में एक साथ दो जगह झांड़ियों में आग लग गई। आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से लगभग एक दर्जन हरे पेड़ झुलस गए। ग्रामीणों ने सबमर्सिबल से पानी डालकर आग पर काबू पाया।

पतारा में एक साथ दो जगहों पर झाड़ियों में आग लग गई। पहली आग पतारा चौकी क्षेत्र के धरमपुर बंबा के पास झाड़ियों में लगी। वही दूसरी आग पतारा चौकी क्षेत्र के बरनाव मोड़ के पास स्थित जिओ पेट्रोल पंप के पास स्थित झाड़ियों में आग लग गई। यहां पर आग की ऊंची ऊंची लपेट उठने लगी। झाड़ियों में आग जलता देख ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की जिसके बाद ग्रामीणों ने पास स्थित समर्सिबल के पानी से आग पर काबू पाया है। आग की चपेट में आने से खर पतवार समेत छोटे पेड़ जलकर राख हो गए।

# उधारी की रकम मांगने पर लाठी-डंडों से पीटा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** पतारा चौकी क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में शुक्रवार की दोपहर उधारी की रकम मांगने पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर अधमरा कर दिया।

जगदीशपुर निवासी राघवेन्द्र बाजपेयी उर्फ अनुराग शुक्रवार की दोपहर लगभग तीन बजे गांव के ही शैलेन्द्र किशोर बाजपेयी से अपने उधारी के 20,000 हजार रुपये मांगने गया था। उसका आरोप है कि रुपये मांगने पर शैलेंद्र के परिवार के लोग गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर बालगोविन्द बाजपेयी, अरुण बाजपेयी व अतुल बाजपेयी एकजुट होकर लाठी-डण्डा व धारदार हथियार लेकर उसके दरवाजे चढ़ आये और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसी बीच शैलेन्द्र ने उस पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया और बाकी लोगों ने लाठी-डण्डों से हमला कर दिया। हमले से उसके सिर और हाथ में गम्भीर चोटें और अन्दरूनी चोटें आई हैं। हमले के दौरान वह वहीं जमीन पर गिर गया। शोर सुनकर उसकी पत्नी घर के बाहर दौड़ी और 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया। शरीर में गम्भीर चोटें होने के कारण हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### हालत गंभीर

- 112 नंबर डायल करने पर आई पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया
- प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में हैलट अस्पताल रेफर

## पत्नी को मायके में छोड़ युवक ने कर ली आत्महत्या

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के कछियाना बिजलीघर के पास शुक्रवार की दोपहर एक युवक ने फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले वह अपनी पत्नी को मायके छोड़ने गया था।

कछियाना के रहने वाले आशीष प्रजापति ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। स्कूल से घर लौटे बेटों ने पिता का शव छत के पंखे से साड़ी के सहारे से लटका देखा तो शोर मचाया। पड़ोसी एकत्र हो गए। भाई विकास की सूचना पर बिठूर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। विकास ने बताया कि आशीष उन्नाव की फैक्ट्री में मजदूरों की ठेकेदारी करते थे। दोपहर करीब 12 बजे पत्नी को उसके मायके कल्याणपुर छोड़कर वापस घर लौट और कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। फांसी लगाने का कारण परिजन नहीं बता सके।

